जयपुर । प्यारो जयपुर अभियान से जुडे जयपुर के प्रबुद्धजनों ने आज पूर्व उप मुख्यमंत्री सचिन पायलट एवं किशनपोल से विधायक अमीन कागजी से मुलाकात कर जयपुर शहर के दो हिस्से ना करने देने का ज्ञापन दिया। इस अभियान की अगुवाई कर रहे सुनील कोठारी व अभियान से जुडे कांग्रेस के नेता सुरेश मिश्रा, ज्योति खंडेलवाल व सुनील शर्मा ने सचिन पायलट को जयपुर के दो हिस्से कर दो नए जिले बनाए जाने की घोषणा से जयपुर पर पडने वाले प्रभाव की वस्तु स्थिति से अवगत करवाया। सचिन पायलट ने इस बात पर सैद्धांतिक सहमति प्रकट की जयपुर शहर एक ही रहना चाहिए और इस विषय पर वो सरकार को जनता की भावनाओं का ध्यान में रखकर कोई निर्णय करने के लिए कहेंगे और इस आशय का एक पत्र सरकार को लिखेंगे ।

विधायक अमीन कागजी ने कहा की शहर से मेरा और मेरे परिवार का भी भावनात्मक लगाव है व जयपुर शहर के दो हिस्से ना हो इस बात से मैं भी सहमत हूँ और इस विषय पर बहुत जल्दी वो मुख्यमंत्री से मिलकर इस विषय पर बात करेंगे।

प्रतिनिधि मंडल में सुनील कोठारी, ज्योति खंडेलवाल, सुरेश मिश्रा, सुनील शर्मा, शरद खण्डेलवाल, वरिष्ठ पत्रकार जितेन्द्र सिंह शेखावत, पार्षद विमल अग्रवाल, जयपुर व्यापार महासंघ के अध्यक्ष सुभाष गोयल, जयपुर व्यापार मण्डल के अध्यक्ष ललित सिंह सांचोरा, जयपुर व्यापार महासंघ के वरिष्ठ उपाध्यक्ष सुरेश सैनी, जयपुर व्यापार मंडल के उपाध्यक्ष भंवरसिंह शेखावत, पार्षद स्वाति परनामी, विष्णु जायसवाल, महेंद्र यादव, महेश सैनी, महेंद्र लोहिया, अशोक भगत, धनंजय सिंह, देवेंद्र शर्मा, रघुवीर सिंह चौधरी, एड प्रकाश ठाकुरिया, रेशी शर्मा, शशिकांत जोशी, राजकुमार अजमेरा, गिरधारी लाल कुमावत, एड जुगल किशोर शर्मा, आनन्द सिंह राठौड, गोपाल अग्रवाल, भगवान दास वर्मा, महेंद्र सिंह पंवार, तरूण रावत, गोपाल कोठारी, एड तपेश अग्रवाल, भूषण शर्मा, सुनील चौधरी, राजेश वर्मा, नितेश शर्मा, दिलीप शर्मा, धनराज सोलंकी, राजीव शर्मा, मुकेश, हिमांशु रायसरिया, जितेन्द्र शर्मा, मनीष सोनी, योगेश वैष्णव, हर्षवीर सिंह भाटी, भुवनेश जैमिनी, पवन रावत, ओम प्रकाश कुमावत, राजेंद्र सिंह राजावत, हिमांशु रामसरिया, गुलाब सिंह, अशोक वर्मा, एड विष्णु खंडेलवाल, एड तुलिका सैनी, सतीश अग्रवाल, लाल चंद लखेरा, आनन्दी लाल, सौरभ शर्मा निम्न लोग शामिल थे।

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष सी.पी.जोशी से भाजपा के पूर्व प्रदेश अध्यक्ष डॉ. सतीश पूनियां ने जयपुर स्थित निवास पर मुलाकात की। पूनियां ने सीपी जोशी का स्वागत-अभिनंदन किया और उन्हें श्रीमद्भगवद्गीता भेंट कर हार्दिक बधाई एवं शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा कि सीपी जोशी के नेतृत्व में भाजपा को प्रदेश में और अधिक मजबूती मिलेगी।

'ललित मोदी ने भी राहुल गांधी के खिलाफ यूके की कोर्ट में जाने का निर्णय किया'

- दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि केंद्र सरकार बताए कि क्या ललित मोदी उनके एजेंट हैं

जयपुर, (का.प्र.)। राहुल गांधी ने जिन ललित मोदी को आधार बनाकर मोदी सरनेम पर टिप्पणी की थी। इतना ही नहीं, जिस मोदी सरनेम को लेकर की गई टिप्पणी पर राहुल गांधी के खिलाफ मानहानि के दावे के तौर पर 2 साल की सजा और लोकसभा की सदस्यता खोने तक पहुंच गई। अब उन ललित मोदी ने भी राहुल गांधी के खिलाफ यूके की कोर्ट में जाने का निर्णय किया है। ललित मोदी के कोर्ट में जाने की बात तथा मुकदमें की धमकी पर दीपेंद्र हुड्डा ने केंद्र सरकार से स्पष्टीकरण मांगते हुए कहा कि केंद्र सरकार यह बताए कि क्या ललित मोदी उनके एजेंट हैं, जो इस तरह की बात कर रहे हैं।

दीपेंद्र हुड्डा ने कहा कि जब ललित मोदी देश से भाग रहे थे और देश की तमाम एजेंसिया उनके पीछे थीं, तो क्या ये एजेंसियां गलत थीं। यह तो चोर मचाए शोर वाली कहावत हुई। एक आरोपित व्यक्ति जिसके खिलाफ देश की तमाम एजेंसियों ने भ्रष्टाचार के मुकदमे किये हैं, क्या ऐसे व्यक्ति की बात भी अब देश में सुनी जाएगी। उन्होंने कहा कि ललित मोदी पर देश के करोड़ों रुपए ले जाने के गंभीर आरोप है।

हुड्डा ने कहा कि ललित मोदी को देश की जांच एजेंसियों ने भगोड़ा तक घोषित कर दिया है। उन्हें लेकर देश की सरकार जो यह कहती थी कि इनको वापस ले आएंगे, वो सरकार अब इस बात का जवाब दें कि कैसे ललित मोदी बाहर बैठकर इस तरह से स्टेटमेंट दे रहे हैं।

जयपुर बम ब्लास्ट मामले पर भाजपा ने बनाया चक्रव्यूह

जयपुर। प्रदेश में होने वाले विधानसभा चुनाव में इस बार गहलोत सरकार तुष्टिकरण की राजनीति एक बड़ा मुद्दा होगा। पहले धार्मिक जुलूस पर रोक और पुजारियों की हत्या के मामले पर तुष्टीकरण का आरोप झेल रही गहलोत सरकार अब जयपुर बम ब्लास्ट के मामले में भी विपक्ष के निशाने पर आ गई है। भाजपा ने इस पूरे मामले को मुद्दा बना कर अब गहलोत सरकार को आक्रामक रूप से घेरने की रणनीति बना ली है। यही वजह है कि बम ब्लास्ट के पीड़ित परिवारों के साथ राजधानी जयपुर में छोटी चौपड़ पर 1 अप्रैल को दोपहर 1 बजे धरना देगी।

इतना ही नहीं 2 अप्रैल को पूर्व प्रदेश अध्यक्ष अरुण चतुर्वेदी सरकार की नीतियों के खिलाफ देश को संबोधित करेंगे। 4 अप्रैल को प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन होगा।

(18) लिबर्टी पशुधन
सहायक प्रशिक्षण संस्थान
राजस्थान वेटेरनरी यूनिवर्सिटी, बीकानेर से मान्यता प्राप्त
2 वर्षीय
पशु चिकित्सा डिप्लोमा
12th कृषि अथवा जीव विज्ञान
एडमीशन मैनेजमेन्ट सीट
229(A), राजेन्द्र प्रसाद नगर, गोपालपुरा बाईपास, जयपुर

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय
राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id: dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in. Phone No. 0141-2782772
क्रमांक- DHC-II/3446 दिनांक-31.03.2023

जाहिर आम सूचना सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 4/186 मानसरोवर जयपुर क्षेत्रफल 324.00 वर्गमीटर/वर्गगज का आवंटन श्रीमती सुधा देवी पत्नी श्री बीरबल सिंह को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 1179 दिनांक 30.04.1993 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 14.09.1993 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात श्रीमती सुधा देवी की मृत्यु दिनांक 21.10.2013 को हो जाने के कारण इनके पुत्र श्री कुलदीप सिंह पुत्र स्व. श्री बीरबल सिंह ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं वसीयतनामा प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक श्री कुलदीप सिंह पुत्र स्व. श्री बीरबल सिंह के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत्त द्वितीय, जयपुर

एक कैबिनेट मंत्री और दो विधायकों की सिफारिश से मिली भाजपा नेता को नियुक्ति

कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया, विधायक गोपाल मीणा और लक्ष्मण मीणा ने भाजपा नेता के लिए लिखा मुख्यमंत्री को सिफारशी पत्र

- इसी आधार पर मुख्यमंत्री कार्यालय ने कर दी भाजपा नेता की राजनीतिक नियुक्ति

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान में कांग्रेस की सरकार में भाजपा नेताओं को राजनीतिक नियुक्तियां देने का मामला लगातार चल रहा है और यह विवाद थम नहीं रहा है। इसी विवाद में जब पिछले दिनों जिला उपभोक्ता आयोग के अध्यक्ष पद पर भाजपा नेता की नियुक्ति को लेकर छानबीन की गई, तो पता चला कि इस भाजपा नेता की नियुक्ति के लिए कांग्रेस की राज्य सरकार के एक कैबिनेट मंत्री और 2 विधायकों ने अपने लेटर हेड पर बाकायदा सिफारिश की थी। जिसके आधार पर इस भाजपा नेता को कांग्रेस सरकार ने नियुक्ति दी है। कैबिनेट मंत्री 2 विधायकों के पत्र सामने आने के बाद इस विवाद को और हवा लग गई है।

उल्लेखनीय है कि जिला उपभोक्ता आयोग, जयपुर द्वितीय के अध्यक्ष पद पर भाजपा एसटीमोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी ग्यारसी लाल मीणा की नियुक्ति की गई थी। यह नियुक्ति सीधे मुख्यमंत्री कार्यालय से कोई बताते हैं। वही जब इस नियुक्ति के बारे में संबंधित विभाग खाद्य एवं नागरिक आपूर्ति के मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास से बात की गई, तो उन्होंने भी इस नियुक्ति के बारे में उन्हें जानकारी होने से स्पष्ट इनकार किया था। इसे लेकर प्रदेश कांग्रेस से लेकर हाईकमान तक बवाल मचा था और कांग्रेस कार्यकर्ताओ नें पार्टी आलाकमान तक भाजपा कार्यकर्ता की नियुक्ति की शिकायत की थी। भाजपा नेता की नियुक्ति होने और विवाद होने के बावजूद सरकार व पार्टी स्तर पर ना तो नियुक्ति रद्द की गयी और ना ही जिम्मेदारो का पता लगाकर उन पर कार्रवाई की गयी। इस नियुक्ति के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेसी कार्यकर्ता एडवोकेट बलराम जाखड़ ने इसकी शिकायत दिल्ली तक की। जाखड़ का कहना है कि इस प्रकार की नियुक्ति से कांग्रेस कार्यकर्ता हताश और निराश है और अपने आप को ठगा सा महसूस करता है। जाखड़ ने बताया कि प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा के सामने भी कांग्रेस कार्यकर्ताओं की उपेक्षा और भाजपाईयों और अफसरों की नियुक्ति का मामला कार्यकर्ता ने उठाया है। बलराम जाखड़ का कहना है कि सबसे ज्यादा निराशा और उपेक्षा तब होती है जब कांग्रेस के विधायक और मंत्री तक भाजपा वालो की नियुक्ति की सिफारिश करते हैं। इसी क्रम में जिला उपभोक्ता आयोग जयपुर द्वितीय के अध्यक्ष पद पर नियुक्त हुये भाजपा पदाधिकारी की नियुक्ति की सिफारिश राजस्थान सरकार के कैबिनेट मंत्री लालचंद कटारिया, कांग्रेस के जमवारामगढ़ विधायक गोपाल मीणा और मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समर्थक निर्दलीय विधायक लक्ष्मण मीणा ने की।

प्रभारी रंधावा को कांग्रेस के कैबिनेट मंत्री और 2 विधायकों के सिफारिश पत्रो की प्रति उपलब्ध करवाते हुये बलराम जाखड का कहना है कि उक्त तीनो व्यक्तियो ने जानबूझकर सिफारिश की, जिससे सरकार की किरकिरी हुई है। गौरतलब है कि ग्यारसी लाल मीणा भाजपा एसटी मोर्चा के प्रदेश पदाधिकारी हैं और राज्य सरकार के खिलाफ भाजपा की जनाक्रोश यात्रा में संयोजक के रूप में बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया था। यह ऐसा पहला मामला नहीं है जब प्रदेश में कांग्रेस की सरकार होते हुए भी भाजपा या अन्य पार्टियों के नेताओं की राजनीतिक नियुक्ति हुई हो। इससे पहले भी कई जिलों में मनोनीत पार्षद बनाए गए थे, उनमें कई जगह भाजपा नेताओं को पार्षद बनाया गया था। इसके बाद स्थानीय स्तर पर विरोध होने के बावजूद उन मनोनीत पार्षदों को हटाया नहीं गया था।

खोया पाया
जविप्रा की आवासीय योजना लालचंदपुरा, जयपुर के भूखण्ड संख्या ए-68, का रजिस्टर्ड मुख्यारनामा आम, जेडीए द्वारा जारी समस्त मूल पट्टा, दो रजिस्टर्ड विक्रय पत्र 1. दिनांक 28.05.2007, 2. दिनांक 29.03.2008 उक्त समस्त मूल दस्तावेज कही गुम हो गए है। मिलने पर सूचित करें- ऊषा सिंह- 7597631764

नाम परिवर्तन
मैंने अपना नाम महरीन रईस खान से बदलकर महरीन खान रख लिया है। भविष्य में मुझे महरीन खान के नाम से ही जाना जावें। म.नं. 54, फतेह नगर, हसनपुरा, जयपुर।

मैंने अपना नाम किश्वर आफरीदी से बदल कर किश्वर खान रख लिया है। भविष्य में मुझे किश्वर खान के नाम से ही जाना जावें। म.नं. 54, फतेह नगर, हसनपुरा, जयपुर।

मैंने अपना नाम नियति गुप्ता से परी गुप्ता पुत्री श्री सचिन गुप्ता रख लिया है भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना पहचाना जाये निवासी 1/323 विद्याधर नगर, खण्डेलवाल टॉवर के पास, जयपुर

I Poonam Devi Spouse Of No. 7782354A, Rank-Hav, Name Upendra Kumar, Presently Resideing At Lalganj Chowk Khelgon (Ranchi) Have Changed My Name From Poonam Devi To Poonam Kumari Vide Affidavit Dated 31st March, 2023, District Court Jaipur Rajasthan.

I have change by name from Jai Kishan Bachhani to new name Jaikishan Vachhani, Address: 297, Sindhi Colony, Banipark, Jaipur-302016 (Rajasthan)

I Sumakumari A.G.spouse of Army No 2569126A Ex TS NK P.S.D. Panicker R/o B-89 Shyam Colony Tonk Road Sanganer Tonk Road Jaipur. That I have changed my name from SUMAKUMARI (DOB 15/6/1957) is wrong entered in service record To SUMA A.G. (12/6/1957) Vide affidavit dated 29/3/2023 before district notary Jaipur.

I Nashiman W/o Army No. 02670221N Ex NK Munsi khan R/o Plot No. 90 Krishna Nagar Jhotwara Jaipur. That I have changed my name from NASHIMAN is wrong entered in service record To NASHIMAN BIBI vide affidavit dated 27 March 2023 before district notary Jaipur.

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है मेरे अभिभाष्यगण सुरेश कुमार शर्मा पुत्र स्वर्गीय श्री टापूलाल शर्मा एवं श्रीमती इन्द्रा शर्मा पत्नि सुरेश कुमार शर्मा निवासीगण एबी-324, निर्माण नगर, अजमेर रोड, जयपुर के है, के पुत्र रोहित कुमार शर्मा एवं उसकी पुत्रवधू श्रीमती छाया शर्मा जो कि मेरे अभिभाष्यगण के कहे में नहीं है, जो आये दिन मेरे अभिभाष्यगण से लडाई झगडे पर आमादा रहते है। अतः मेरे अभिभाष्यगण उन्हें अपनी समस्त चल-अचल सम्पत्ति से व परिवार से बेदखल करते है तथा भविष्य में मेरे अभिभाष्यगण एवं उसने परिवार का उनके पुत्र एवं पुत्रवधू से किसी भी प्रकार का कोई संबंध एवं सरोकार नहीं रहेगा। कोई भी व्यक्ति यदि उससे काई लेन देन या संव्यवहार करता है तो वह उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। सूचित रहे।
जयपुर (नरेश कुमार शर्मा) एडवोकेट
दिनांक-31.3.23 मो.न. 9413334100,9829061868

कार्यालय उप आवासन आयुक्त, वृत्त द्वितीय **राजस्थान आवासन मण्डल**
अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
Email Id : dhcjpr2.rhb@rajasthan.gov.in, Phone No. 0141-2782772
क्रमांक : DHC-II/3371 दिनांक : 22-03-2023
जाहिर आम सूचना
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या- 70/216 ए, मानसरोवर, जयपुर, क्षेत्रफल 46.00 वर्ग मीटर/वर्ग गज का आवंटन श्री आरनोल्ड प्रे. राय पुत्र श्री जेम्स एच. राय को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र कमांक 1592 दिनांक 26.05.2000 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 26.07.2000 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र कमांक 2397 दिनांक 14.08.2000 के द्वारा श्री आरनोल्ड प्रे. राय पुत्र श्री जेम्स एच. राय के नाम अदेय प्रमाण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 30.10.2000 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री अरनोल्ड प्रे. राय की मृत्यु दिनांक 12.12.2021 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती जोयस राय पत्नी स्व. श्री अरनोल्ड प्रे. राय ने मृत्यु पश्चात नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति/आवेदक **श्रीमती जोयस राय पत्नी स्व. श्री अरनोल्ड प्रे. राय** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवासन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबंधक- वृत द्वितीय, जयपुर

कार्यालय आवासीय अभियन्ता, खण्ड-तेरह, जयपुर
राजस्थान आवासन मण्डल
RAJASTHAN HOUSING BOARD
(राज.आवा. मण्डल अधिनियम 1970 के तहत गठित राज्य सरकार का उपक्रम)
A Stat Government Enterprise Constituted under RHB Act 1970)
क्रमांक-आवा.अभि./खण्ड-13रा.आ.म./2022-23/1933
आम जाहिर सूचना दिनांक-29.03.2023
राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 3/243, बनास विहार आवासीय योजना टोंक क्षेत्रफल 42.187 वर्गमीटर का आवंटन मूलतः श्री जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामकरण शर्मा को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 247 दिनांक 30.05.1997 जारी किया गया था। श्री जगदीश प्रसाद शर्मा पुत्र श्री रामकरण शर्मा का निधन दिनांक 05.12.2012 को हो गया है। श्रीमति सन्तोष देवी शर्मा पत्नि स्व. श्री जगदीश प्रसाद शर्मा द्वारा मण्डल अभिलेख में आवेदन पत्र मय वांछित दस्तावेज, प्रशासनिक शुल्क जमा चालान रसीद एवं वारिसान का अनापत्ति प्रमाण पत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास का स्थानान्तरण अपने पक्ष में करने हेतु निवेदन किया हैं। अतः उक्त हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति/बैंक/संस्था को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 03 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर साक्ष्य सहित अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर आवेदनकर्ता श्रीमति सन्तोष देवी शर्मा पत्नि स्व. श्री जगदीश प्रसाद शर्मा के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी।
आवासीय अभियन्ता, खण्ड-तेरह, जयपुर

तीये की बैठक

अत्यंत दुःख के साथ सूचित किया जाता है कि हमारी पूजनीया माताजी
श्रीमती शान्ति देवी
धर्मपत्नी स्व. श्री बल्लभ राम जी जाँगिड़ का स्वर्गवास 30.03.2023 को हो गया। तीये की बैठक शनिवार 01.04.2023 को दोपहर 2:00 से 4:00 बजे तक स्थान लकड़ा मण्डी वाटिका पर होगी।
शोकाकुल- रामपाल (देवर), रामअवतार, कन्हैयालाल, बाबूलाल, सूरज, विष्णु, कमलेश (पुत्र) एवं समस्त कासलीवाल परिवार (फतेहपुरा वाले)।
9660244060, 9462303841

नम्बर मिलाइए 9587884433

सिर्फ एक फोन कॉल पर विज्ञापन घर बैठे बुक करायें।

आतंकवाद भारत और इज़राइल दोनों के लिए चिंता का विषय : ओम बिरला

जयपुर, (का.सं.)। उपराष्ट्रपति और राज्य सभा के सभापति तथा लोक सभा अध्यक्ष के संयुक्त निमंत्रण पर, इज़राइल के नेसेट (संसद) के स्पीकर आमिर ओहाना के नेतृत्व में एक इजरायली संसदीय शिष्टमंडल 31 मार्च से 4 अप्रैल तक भारत का दौरा कर रहा है।

इज़राइल के नेसेट (संसद) के स्पीकर आमिर ओहाना द्वारा पदभार ग्रहण किए जाने के बाद स्पीकर के रूप में उनकी यह पहली विदेश यात्रा है। आज शिष्टमंडल के सदस्यों ने संसद भवन में लोक सभा अध्यक्ष, ओम बिरला से मुलाकात की। बिरला ने भारत में शिष्टमंडल का स्वागत करते हुए कहा कि इज़राइल और भारत के बीच पारंपरिक रूप से घनिष्ठ और मैत्रीपूर्ण संबंध रहे हैं। बिरला ने यह भी कहा कि भारत और इज़राइल, दोनों की मजबूत लोकतांत्रिक विरासत रही है और साथी लोकतंत्र के रूप में दोनों देशों में कई समानताएं हैं, जिसमें विविध संस्कृतियों का सम्मान करना, लोकतांत्रिक मूल्यों का पालन करना और लोगों की आशाओं और आकांक्षाओं के अनुसार काम करना शामिल है। बिरला ने कहा कि बदलते वैश्विक परिदृश्य में भारत और इजराइल के बीच संबंध और अधिक महत्वपूर्ण हो गए हैं।

बिरला ने आतंकवाद के बढ़ते संकट के बारे में बात करते हुए कहा कि आतंकवाद भारत और इज़राइल, दोनों ही देशों के लिए चिंता का विषय है। बिरला ने इस बात पर जोर दिया कि भारत और इज़राइल जैसे लोकतांत्रिक देशों को आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में सहयोग बढ़ाना चाहिए। उन्होंने यह भी कहा कि भारत और इज़राइल की साझी रणनीति आतंकवाद के खिलाफ लड़ाई में दुनिया को नई दिशा देगी।

इस अवसर पर आमिर ओहाना ने कहा कि भारत और

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला से शुक्रवार को इज़राइल के नेसेट (संसद) के स्पीकर आमिर ओहाना के नेतृत्व में एक शिष्टमंडल ने मुलाकात की।

इजराइल दोनों पुरानी सभ्यताएं हैं और समय के साथ दोनों देशों के बीच संबंध मजबूत हुए हैं। उन्होंने भारत में हो रही प्रगति का उल्लेख करते हुए कहा कि भारत सभी क्षेत्रों में असाधारण गति से आगे बढ़ रहा है। ओहाना ने आशा व्यक्त की कि भारत और इजराइल के बीच द्विपक्षीय संबंध और मजबूत होंगे और दोनों देश मिलकर वैश्विक चुनौतियों से निपटेंगे। इस अवसर पर दोनों देशों की संसदों के बीच सहयोग बढ़ाए जाने के एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर भी किए गए। शिष्टमंडल के सदस्यों ने राजघाट में राष्ट्रिपता महात्मा गांधी की समाधि पर श्रद्धासुमन अर्पित किए।

सरकारी तंत्र की नाकामी से बम ब्लास्ट के आतंकी बरी हो जाते हैं : राठौड़

जयपुर। उपनेता प्रतिपक्ष राजेंद्र राठौड़ ने वक्तव्य जारी कर कहा कि 13 मई 2008 को जयपुर में हुए सीरियल बम ब्लास्ट में 80 से ज्यादा निर्दोष लोगों ने जान गंवाई थी और 180 से ज्यादा परिवारों की खुशियां किसी न किसी रूप में गम में बदली थी। दुर्भाग्य है कि जयपुर को छलनी करने वाले अत्यंत संवेदनशील मामले में भी सरकार के स्तर पर व्यापक लापरवाही और अनियमितता इस कदर बरती गई कि अब आतंकी खुलेआम घूमेंगे। वहीं जिन परिवारों ने बम ब्लास्ट का दंश झेला है, उन्हें उनके जख्मों पर नमक छिड़कने का काम राज्य के सरकारी तंत्र ने किया है।

राठौड़ ने कहा कि जयपुर बम ब्लास्ट के दोषी सैफुर, मोहम्मद सरवर आजमी, मोहम्मद सैफ व मोहम्मद सलमान को लोअर कोर्ट से सजा मिलने के बाद भी राज्य के गृह व विधि विभाग, एटीएस और एएजी ने जो लापरवाही बरती वह चिंताजनक एवं दुर्भाग्यपूर्ण है। सरकारी तंत्र की इसी घोर लापरवाही के कारण राजस्थान उच्च न्यायालय को फांसी की सजा रोकने और उन्हें बरी करना पड़ा।

आम सूचना सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरे अभिभाष्य सहीराम पुत्र बिहारी लाल यादव निवासी ढाणी जोधावाली तन-देवता तहसील कोटपूतली जिला जयपुर, राजस्थान मेरे अभिभाष्य के पुत्र अजय कुमार एवं उसकी पत्नी अनवत देवी व मेरे अभिभाष्य के स्वर्गीय पुत्र विजय कुमार की पत्नी सुनीता पोत्र सक्षम मेरे अभिभाष्य के कहे अनुसार नहीं चलते थे। हमेशा मेरे अभिभाष्य व मेरे अभिभाष्य की पत्नी के साथ गाली-गलोच व मारपीट करते हैं। इन लोगों ने मेरे अभिभाष्य व उसकी पत्नी का जीना दूभर कर रखा है। इसलिए मेरे अभिभाष्य ने अजय कुमार, पुत्रवधू अनवत देवी, पुत्र वधू सुनीता एवं पोत्र सक्षम को अपनी चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। मेरे अभिभाष्य के पुत्र अजय कुमार व पुत्रवधू अनवत देवी एवं पुत्रवधू सुनीता एवं पोत्र सक्षम से पिता पुत्र व पुत्रवधू एवं पोत्र से संबंध खत्म कर लिया है। आज से मेरे अभिभाष्य व इनका कोई ताल्लुक वास्ता नहीं रहेगा। अगर भविष्य में कोई इन से लेन-देन करता है तो उसकी स्वयं की जिम्मेदारी होगी। मेरे अभिभाष्य की किसी तरह की कोई जिम्मेदारी नहीं होगी।
कृष्ण कुमार शर्मा, एडवोकेट

राजस्थान आवासन मण्डल, अग्रवाल फार्म, मानसरोवर, जयपुर
क्रमांक:- DHC-II/3443 जाहिर आम सूचना दिनांक: 31/03/23
सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजस्थान आवासन मण्डल द्वारा आवास संख्या 52/93, मानसरोवर, जयपुर क्षेत्रफल 216.00 वर्ग मीटर / वर्ग गज का आवंटन श्री किशन लाल जुनेजा पुत्र श्री गोधाराम को किया गया था। जिसका आवंटन पत्र क्रमांक 2596 दिनांक 29.06.1994 को जारी किया गया। इनके द्वारा उक्त आवास का भौतिक कब्जा दिनांक 25.01.1995 को प्राप्त कर लिया गया था। इसके पश्चात राजस्थान आवासन मण्डल के पत्र क्रमांक 3521 दिनांक 18.03.1998 के द्वारा श्री कैलाश चन्द अग्रवाल पुत्र श्री राधेश्याम अग्रवाल के नाम नियमितिकरण पत्र जारी कर दिया गया। इनके द्वारा अपने स्वयं के पक्ष में उक्त आवास के पंजीयन प्रपत्रों का निष्पादन कार्यालय उप पंजीयक, जयपुर में दिनांक 07.04.1998 को करवाया गया। इसके पश्चात श्री कैलाश चन्द अग्रवाल की मृत्यु दिनांक 02.08.2022 को हो जाने के कारण इनकी पत्नी श्रीमती अन्जु अग्रवाल पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द अग्रवाल ने मृत्यु पश्चात् नाम हस्तान्तरण सम्बन्धी प्रपत्र एवं पंजीकृत हकत्याग प्रपत्र प्रस्तुत कर उक्त आवास को अपने नाम हस्तान्तरण हेतु निवेदन किया है। अतः उक्त आवास के हस्तान्तरण के संबंध में किसी भी व्यक्ति को कोई आपत्ति हो तो विज्ञप्ति प्रकाशन के 7 दिवस में व्यक्तिगत रूप से उपस्थित होकर अपनी आपत्ति प्रस्तुत कर देवें, अन्यथा उक्त अवधि में कोई आपत्ति प्राप्त नहीं होने पर उक्त वर्णित व्यक्ति / आवेदक **श्रीमती अन्जु अग्रवाल पत्नी स्व. श्री कैलाश चन्द अग्रवाल** के पक्ष में उक्त आवास के हस्तान्तरण की कार्यवाही कर दी जावेगी। उक्त जाहिर आम सूचना उप आवसन आयुक्त महोदय से अनुमोदित है।
सम्पदा प्रबन्धक, वृत द्वितीय, जयपुर

Form No. 3
[See Regulation-15(1)(a)]/16(3)
DEBTS RECOVERY TRIBUNAL JAIPUR
First Floor, Sudharma-II, Lal Kothis Shopping Center, Tonk Road, Jaipur-302015
Case No.: OA/909/2022
Summons under sub-section (4) of section 19 of the Act, read with sub-rule (2A) of rule 5 of the Debt Recovery Tribunal (Procedure) Rules, 1993.
Exh. No.: 7683
STATE BANK OF INDIA
VS
MR SANJAY KUMAR
To,
M/S SHIV SHAKTI REAL HOMES PVT LTD
501-503, DIAMOND TOWER, PURANI CHUNGI, AJMER ROAD, JAIPUR, RAJASTHAN-302012
SUMMONS
WHEREAS, OA/909/2022 was listed before Hon'ble Presiding Officer/Registrar on 20/01/2023.
WHEREAS this Hon'ble Tribunal is pleased to issue summons/notice on the said Application under section 19(4) of the Act, (OA) filed against you for recovery of debts of Rs. 4037890/- (application along with copies of documents etc. annexed).
In accordance with sub-section (4) of section 19 of the Act, you, the defendants are directed as under:-
(i) to show cause within thirty days of the service of summons as to why relief prayed for should not be granted;
(ii) to disclose particulars of properties or assets other than properties and assets specified by the applicant under serial number 3A of the original application;
(iii) you are restrained from dealing with or disposing of secured assets or such other assets and properties disclosed under serial number 3A of the original application, pending hearing and disposal of the application for attachment of properties;
(iv) you shall not transfer by way of sale, lease or otherwise, except in the ordinary course of his business any of the assets over which security interest is created and/or other assets and properties specified or disclosed under serial number 3A of the original application without the prior approval of the Tribunal;
(v) you shall be liable to account for the sale proceeds realised by sale of secured assets or other assets and properties in the ordinary course of business and deposit such sale proceeds in the account maintained with the bank or financial institutions holding security interest over such assets.
You are also directed to file the written statement with a copy thereof furnished to the applicant and to appear before Registrar on 15/05/2023 at 10:30 A.M. failing which the application shall be heard and decided in your absence.
Given under my hand and the seal of this Tribunal on this date: 21/02/2023.
Signature of the Officer Authorised to issue summons
Note: Strike out whichever is not applicable.

पाकिस्तान में गोपनीय सूचनाएं भेजने वाले बाड़मेर के दो आई.एस.आई. एजेंट गिरफ्तार

दोनों आरोपी पाकिस्तानी हैंडलरों को सोशल मीडिया पर बाड़मेर के प्रतिबंधित क्षेत्रों की सूचनाएं भेजते थे

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। सीमावर्ती क्षेत्र बाड़मेर से पाकिस्तान में सामरिक महत्व की गोपनीय सूचना भिजवाने वाले आई.एस.आई. के दो स्थानीय एजेंट रतन खान और पारूराम को गिरफ्तार कर लिया गया है। राजस्थान इंटेलीजेंस ने आरोपियों के खिलाफ दो मुकदमे दर्ज किए है।

अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक (इंटेलीजेंस) एस.सेंगाथिर ने बताया कि राजस्थान सीआईडी इंटेलीजेंस की ओर से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी की ओर से राजस्थान में की जाने वाली जासूसी गतिविधियों पर निगरानी की जाती है। निगरानी के दौरान सामने आया कि सीमावर्ती क्षेत्र बाड़मेर में लंगो की ढाणी धारवी कलां निवासी रतन (52) और चिमणियों की ढाणी शोभाला जेतमाल निवासी पारूराम (34) सोशल मीडिया के माध्यम से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी से निरन्तर सम्पर्क में है। इस पर सीआईडी इन्टेलीजेंस जयपुर द्वारा उनकी गतिविधियों पर नजर रखी गई। इस पर संदिग्धों को जासूसी गतिविधियों में लिप्त पाए जाने पर कार्रवाई कर पूछताछ शुरू की गई।

आरोपी रतन खान

आरोपी पारूराम

उन्होंने बताया कि आरोपी रतन खान वर्ष 2012 से नियमित रूप से पाकिस्तान में रह रहे अपने रिश्तदारों से मिलने के बहाने पाकिस्तान जाता रहता है। पाकिस्तान प्रवास के दौरान पाकिस्तानी आसूचना एजेंसियों के सम्पर्क में रहकर सीमावर्ती क्षेत्रों की गोपनीय सूचनाएं अपने मोबाईल फोन से तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से भेजने की ट्रेनिंग प्राप्त की थी। पाकिस्तान में ट्रेनिंग लेने के बाद वह भारत आया और धनराशि के प्रलोभन में पाक हैंडलर को प्रतिबंधित सीमावर्ती क्षेत्रों की फोटोग्राफ्स, वीडियो व लोकेशन जैसी गोपनीय सूचनाएं अपने मोबाईल फोन से तैयार कर वाट्सएप से भिजवाता था। आरोपी रतन खान पाकिस्तान के हैण्डलर से लगातार सम्पर्क में था। इसी प्रकार बॉर्डर होमगार्ड में गार्ड मैन के पद पर पदस्थापित पारूराम भी नगाणा कवास (बाडमेर) स्थित मंगला प्रोसेसिंग टर्मिनल में सुरक्षा गार्ड की नौकरी करते हुए टर्मिनल व उसके आसपास स्थित अन्य प्रतिबंधित क्षेत्रों के फोटोग्राफ्स, वीडियो व लोकेशन जैसी कई महत्वपूर्ण व गोपनीय सूचनाएं पाकिस्तानी खुफिया एजेन्सी की महिला हैंडलर को भेजता था। वह हनीट्रैप व धनराशि के प्रलोभन में आकर अपने मोबाईल फोन से यह सूचनाएं तैयार कर सोशल मीडिया के माध्यम से उपलब्ध करवा रहा था। इसकी एवज में पारूराम को कई बार पाक हैण्डलर द्वारा पैसे का भुगतान भी किया गया। इंटेलीजेंस ने दोनों ही आरोपियों से की गई पूछताछ व तकनीकी अनुसंधान से पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई.एस.आई. के इशारे पर स्थानीय एजेंट के तौर पर कार्य करने वाले इन दोनों आरोपियों के खिलाफ शासकीय गुप्त बात अधिनियम 1923 के तहत अलग-अलग प्रकरण दर्ज किया है। इंटेलीजेंस ने दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर उनसे गहनता से पूछताछ शुरू कर दी है।

- आरोपी रतन खान अपने रिश्तेदारों से मिलने के बहाने वर्ष 2012 से नियमित पाकिस्तान जाता रहा, इसी बीच वह पाकिस्तानी एजेंसी के संपर्क में आया और उनके लिए बाड़मेर की जासूसी करने लगा
- दूसरा आरोपी पारूराम भी हनीट्रैप और धन प्रलोभन के लालच में सीमावर्ती क्षेत्रों के फोटोग्राफ्स, वीडियो और पाकिस्तानी महिला हैंडलर को भेजता था

फर्नीचर खरीद घोटाले की शिकायत राष्ट्रीय एस.टी. आयोग तक पहुंची

-कार्यालय संवाददाता-

जयपुर। जनजाति क्षेत्रीय विकास विभाग (टी.ए.डी.) में तथाकथित फर्नीचर खरीद समेत अन्य मामलों में हुए भ्रष्टाचार की जांच अब राष्ट्रीय अनुसूचित जनजाति आयोग तक पहुंच गई है। आयोग ने शिकायतकर्ता युनुस चौपदार की शिकायत पर जांच के लिए रिसर्च ऑफिसर आर.एस. मिश्रा को जांच अधिकारी नियुक्त किया है।

मिश्रा ने भ्रष्टाचार की गंभीरता को देखते हुए प्रदेश की मुख्य सचिव उषा शर्मा से अब तक हुई जांच एवं मामले मे की गई कार्यवाही संबंधी सभी रिपोर्ट तलब की है। गत 29 मार्च को जारी पत्र में इस जांच रिपोर्ट को 13 अप्रैल तक व्यक्तिश: या डाक से पहुंचाने को कहा है। उन्होंने चेतावनी भी दी कि नियत अवधि में जवाब पेश नहीं होता है तो आयोग को संविधान के तहत प्रदत सिविल न्यायालय की शक्तियों का प्रयोग कर आयोग के समक्ष उपस्थित होने के लिए समन भी जारी किया जा सकता है। मामले में जारी नोटिस की प्रति शिकायतकर्ता युनुस चौपदार को भी भिजवाई गई है। ज्ञात रहे कि जनजाति विभाग मे संचालित छात्रावासों के लिए वर्ष 2021 में फर्नीचर खरीद घोटाले व अन्य मामलों को लेकर सामाजिक कार्यकर्ता युनूस चौपदार ने 30 दिसंबर 2022 को आयोग के चेयरमैन को शिकायत की थी। आरोप था कि टीएडी ने 3 मार्च 2021 को निविदा आमंत्रित की थी। इसमें टाडा और माडा मद से 600 छात्रावासों के लिए फर्नीचर की आपूर्ति को लेकर एजेंसी तय की गई थी। टीएडी और स्वच्छ परियोजना के जिम्मेदारों ने मिलीभगत कर भ्रष्टाचार किया। जिसमें अफसरों ने निविदा में नियमविरुद्ध कार्य कर फर्म को फायदा पहुंचाया। साथ ही फर्म ने घटिया माल सप्लाई किया। जिसकी जांच में भी इस बात का खुलासा हो गया। इस मामले में राज्यपाल व मुख्यमंत्री कार्यालय को शिकायत के बाद लगभग 9 महीने बाद विभाग ने फर्म पर कार्रवाई के आदेश जरूर दे दिए, लेकिन राज्यपाल द्वारा दोषी अधिकारियों पर दंडात्मक कार्यवाही के निर्देशों के बावजूद अधिकारियों पर किसी तरह की कार्रवाई नहीं होने से सवाल खड़े हो रहे हैं।

- आयोग ने नोटिस जारी कर मुख्य सचिव से 13 अप्रैल तक रिपोर्ट मांगी

शिकायत में सामाजिक कार्यकर्ता चौपदार ने स्वच्छ परियोजना पर सवाल खडे करते हुए आरोप लगाये हैं कि टीएडी मे अधिक योग्य व जिम्मेदार अधिकारी होने के बावजूद टीएडी विभाग द्वारा विगत वर्षों में सैकडों करोड रुपये के निविदा कार्य स्वच्छ परियोजना से करवाये जिसके लिए स्वच्छ परियोजना को 200 करोड से अधिक का भुगतान कार्यकारी एजेंसी के चार्ज के तौर पर किया गया। एजेंसी चार्ज के जरिए अर्जित राशि के दुरुपयोग व अनियमित भुगतान के मामले मे एसीबी द्वारा पूर्व मे छापेमारी कर मुकदमा दर्ज किया गया था।चौपदार ने आरोप लगाया कि विभाग के अधिकारियों द्वारा अपने आमोद प्रमोद व एशोआराम के खर्चों के लिए स्वच्छ परियोजना से अनियमित भुगतान कर धन का दुरुपयोग किया जा रहा है। ऐसे में स्वच्छ परियोजना की जांच कर परियोजना को भंग किया जाये।

सचिन पायलट से मिलीं महिलाएं

राजस्थान पंचायत परिषद् के अध्यक्ष रामू शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से उनके आवास पर मुलाकात की।

जयपुर (कासं)। राहुल गांधी की लोकसभा सदस्यता समाप्त करने को लेकर कांग्रेस की ओर से चल रहे विरोध प्रदर्शन कार्यक्रमों में शुक्रवार को महिलाओं ने सक्रिय भूमिका दिखाई।

राजस्थान पंचायत परिषद् के अध्यक्ष रामू शर्मा के नेतृत्व में महिलाओं ने पूर्व उपमुख्यमंत्री सचिन पायलट से उनके आवास पर मुलाकात की। इसके बाद उन्होंने पायलट के निर्देश पर घर घर जाकर केंद्र सरकार के खिलाफ अभियान शुरू करने का संकल्प लिया। रामू शर्मा ने बताया कि इससे पहले महिलाओं की ओर से मोदी सरकार की तानाशाही नीतियों के विरुद्ध प्रदर्शन किया गया। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार ईडी, सीबीआई सहित अन्य संवैधानिक संस्थाओं को नियंत्रण में लेकर अडानी के खिलाफ आवाज उठाने वाले कांग्रेस नेताओं पर जिस तरह कार्रवाई कर रही है, उससे आक्रोशित होकर महिलाएं भी अब सडकों पर उतरने लगी है। इस अवसर पर यूथ कांग्रेस के पूर्व महासचिव प्रवेश यादव, करण सिंह चौहान, बनवारी लाल, कमलेश पंडित, गुड्डु पंडित, रूपचंद सैनी सहित अन्य पदाधिकारी मौजूद रहे।

अस्पताल की लैबोरेट्री से तीन लैपटॉप चोरी

जयपुर (कासं)। एस.एम.एस. अस्पताल में चोरों ने सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज की सुरक्षा व्यवस्था को धता बताते हुए यहां एक लैब से तीन लैपटॉप चुरा लिए। बताया जा रहा है कि चुराए गए लैपटॉप में महत्वपूर्ण डाटा था। सूचना मिलने पर पुलिस मौके पर पहुंची और जांच पड़ताल में जुटी है। पुलिस की प्रारम्भिक जांच में सामने आया कि लैब में और आसपास सीसीटीवी कैमरे नहीं लगे हुए है और यहाँ तक की गार्ड भी नहीं है। थानाधिकारी नवरतन धोलिया ने बताया कि सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज के माइक्रोबायोलॉजी विभाग की लैबोरेट्री प्रभारी एसके सिंह ने मामला दर्ज करवाया है कि चोर लैबोरेट्री से चोर तीन लैपटॉप चोरी करके ले गए हैं। उन्होंने बताया छुट्टी होने के कारण तीन-चार दिन लैब बंद थी और 29 मार्च को कॉलेज खुलने पर जब स्टाफ वापस आया तो माइक्रोबायोलॉजी विभाग की लैब से तीन लैपटॉप गायब थे। पुलिस ने मामला दर्ज कर जांच कर रही है. फिलहाल स्टाफ के लोगों से पूछताछ कर जानकारी जुटाई जा रही है।

19 देशों के प्रतिनिधियों ने सिटी पार्क का भ्रमण किया

जयपुर (कासं)। जयपुर के सिटी पार्क की खूबसूरती को देखने शनिवार को 19 देशों के 25 प्रतिनिधि मानसरोवर पहुंचे। पार्क में घूमने के बाद उन्होंने आउटस्टैंडिंग, ब्यूटीफुल, नेवर सीन बिफोर सच ब्यूटी, माइंड ब्लोइंग प्लेस, नेचुरल ब्यूटी जैसे सारे विशेषण देकर इसकी खूबसूरती को सराहा।

सिटी पार्क के भ्रमण के दौरान प्रतिनिधि मण्डल ने मध्यम मार्ग प्लाजा, रॉक फाउण्टेन, लेक, 213 फीट ऊँचा फ्लैग मास्ट जिस पर भारतीय तिरंगा शान से लहरा रहा है एवं विभिन्न स्क्ल्पचर्स को देखा एवं मुक्तकंठ से प्रशंसा की। सिटी पार्क में हुडको के तत्वाधान में आए मेहमानों का राजस्थानी अंदाज में माला एवं साफा पहनाकर स्वागत किया गया। मेहमानों ने गोल्फ कार में बैठकर सिटी पार्क का भ्रमण किया और आने वाले स्थानीय पर्यटकों से भी बातचीत की। इससे पहले प्रतिनिधि मण्डल ने राजस्थान विधायक आवास परियोजना, मुख्यमंत्री जन आवास योजना सहित कई अन्य परियोजनाओं का दौरा किया।

दल के सभी प्रतिनिधियों ने हाऊसिंग बोर्ड द्वारा किए गए निर्माण को देखकर आयुक्त पवन अरोड़ा की जमकर तारीफ की।

सहायक प्रोफेसर ने फांसी लगाकर जान दी

जयपुर। रामनगरिया इलाके में गुरुवार देर रात एक यूनिवर्सिटी के सहायक प्रोफेसर ने फंदा लगाकर आत्महत्या कर ली। शुक्रवार सुबह सूचना पर पुलिस मौके पर पहुंची और फोरेंसिक साइंस लैबोरेट्री टीम की मदद से सबूत जुटाए। इसके बाद शव को फंदे से नीचे उतारा गया। पुलिस ने पोस्टमार्टम के लिए शव जेएनयू अस्पताल की मोर्चरी में रखवा दिया गया है और परिजनों को सूचना दे दी गई है। उनके आने के बाद ही पोस्टमार्टम किया जाएगा। बताया जा रहा है कि मृतक के कमरे में सुसाइड नोट मिला, जिसमें लिखा है कि मेरी जिंदगी लोन में फंस चुकी है। लोगों ने काम के लिए मेरा इस्तेमाल किया। न पहले कॉलेज ने मेरे पैसे दिए न ही यूनिवर्सिटी ने दिए। इसलिए मैं अपनी जिंदगी खत्म कर रहा हूं। पुलिस ने बताया कि मृतक सौम्यब्रत नाथ (38) असम के सिलचर हाल एनआरआई कॉलोनी रोड जगतपुरा स्थित यूनिवर्सिटी के कैंपस में बॉयज हॉस्टल की छठीं मंजिल पर बने रूम में रहते थे।

इजरायली प्रतिनिधि उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ से मिले

जयपुर (कासं)। इजराइल के संसदीय प्रतिनिधि मंडल ने उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड से संसद भवन में मुलाकात की। इजराइली प्रतिनिधि मंडल का नेतृत्व वहां की संसद के स्पीकर आमिर ओहाना कर रहे थे। बातचीत के दौरान दोनों पक्षों में कृषि, जल संरक्षण और तकनीक समेत कई मुद्दों पर चर्चा हुई। गौरतलब है कि दोनों देशों ने हाल ही में अपनी आजादी की 75 वर्ष पूरे किये हैं। चर्चा के दौरान उपराष्ट्रपति धनखड ने कहा कि भारत न केवल विश्व का सबसे बडा लोकतंत्र है बल्कि लोकतंत्र की जननी भी है। उन्होंने कहा कि दोनों देशों के मजबूत रिश्तों का आधार नागरिकों का आपस में जुडाव और हमारे साझे मूल्य और हित हैं। इजरायली प्रतिनिधि ने भारत के राजस्थान का उदाहरण देते हुए कहा कि इजराइल का भी ज्यादातर हिस्सा मरुस्थल है। उन्होंने ने इस बात पर जोर दिया कि दोनों ही पक्षों को सूखाग्रस्त क्षेत्रों में कृषि और सिंचाई तकनीक पर एक-दूसरे से सीखने की जरूरत है। अपनी बातचीत में उन्होंने भारतीय सैनिकों की हैफा में कुर्बानी का भी जिक्र किया। उन्होंने उप-राष्ट्रपति धनखड को इजराइल आने का निमंत्रण भी दिया।

रक्तदान शिविर 9 अप्रैल को

जयपुर। शशि खण्डेलवाल मेमोरियल ट्रस्ट द्वारा शशि खण्डेलवाल की23वीं पुण्य स्मृति में विशाल रक्तदान शिविर का आयोजन 9 अप्रैल को प्रात: 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक श्री महावीर दिगम्बर जैन सी हायर सैकण्डरी स्कूल, महावीर मार्ग, सी-स्कीम, जयपुर में किया जायेगा। पूर्व उप-मुख्यमंत्री सचिन पायलट ने रक्तदान की जागरूकता के लिए ट्रस्ट के स्टीकर का विमोचन किया। पायलट ने कहा कि ट्रस्ट ने बीते 23 वर्षों से रक्तदान शिविर लगाकर न सिर्फ लोगों को जीवन दान दिया, बल्कि जागरूक भी किया है।

सार-समाचार

भीमराज शर्मा को एक्सीलेंस अवार्ड

जयपुर। मुंबई की होटल मैरियट में ऑल इंडिया मास्टर प्रिंटर्स व ऑफसेट प्रिंटर एसोसिएशन की ओर से 'ग्लोबल प्रिंट एक्सीलेंस अवार्ड-2023' समारोह आयोजित हुआ। जहां 15वां नेशनल अवार्ड फॉर एक्सीलेंस इन प्रिंटिंग श्रेणी में जयपुर के भीमराज शर्मा को मिला। गौकृति फाउंडर भीमराज शर्मा ने एक्सीलेंस इन काऊ डंग पेपर प्रिंटिंग (गौमाता के गोबर से कागज बनाने और उस पर सुंदर छपाई करने पर) श्रेणी का नेशनल अवार्ड जीता। उन्हें यह पुरस्कार रविन्द्र जोशी व प्रोफेसर कमल चौपड़ा ने भेंट किया।

गणगौर ग्रुप ने मनाया राजस्थान दिवस

जयपुर। गणगौर महिला ग्रुप की ओर से राजस्थान दिवस धूम-धाम से मनाया गया। इस अवसर पर ग्रुप की सभी महिलाओं ने राजस्थानी वेशभूषा में लोकगीत और लोकनृत्य प्रस्तुत कर राजस्थान की लोक संस्कृति को साकार किया। ग्रुप की संचालिका सुशीला भारती ने बताया कि कार्यक्रम की शुरुआत ''धरती धोरां री'' पर समूह नृत्य से हुई जिसमें सभी महिलाओं ने पूरे जोश के साथ नृत्य किया। कार्यक्रम में ग्रुप के वीडियो एल्बम गोरबन्द पर भी महिलाओं ने जमकर नृत्य किया। कार्यक्रम का मुख्य आकर्षण चरी नृत्य प्रतियोगिता थी जिसमें सभी महिलाओं ने सिर पर चरी रखकर लोकनृत्य किया। प्रतियोगिता की निर्णायक अर्चना माथुर ने रेणु सिंह को प्रथम, सुमन जोधपुरी को द्वितीय और दिव्या भारती को तृतीय पुरस्कार देने की घोषणा की। तीनों विजेताओं को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। बाकी सभी महिलाओं को माला पहना कर और प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। सुशीला भारती के अनुसार गणगौर महिला ग्रुप का उद्देश्य राजस्थान की कला एवं संस्कृति को बढ़ावा देना है।साथ ही संगीत और नृत्य में शौक रखने वाली महिलाओं की छुपी हुई प्रतिभा को उजागर किया जाता है। ग्रुप की ओर से समय-समय पर राजस्थान के तीज त्यौहारों पर ऐसे रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित किए जाते हैं।

डोर-टू-डोर कचरा संग्रहण ठप

जयपुर। जयपुर ग्रेटर नगर निगम द्वारा शहर की सफाई व्यवस्था में सुधार के दावों के विपरीत डोर टू डोर कचरा संग्रहण की व्यवस्था बेपटरी होने साथ चरमरा गई है। गलियों और घरों में जगह-जगह कचरे के ढेर लगे हुए हैं। बारिश होने के साथ ही संक्रमण फैलने की शिकायतें मिल रही है। जयपुर ग्रेटर नगर निगम के वार्ड न. 109 के मॉडल टाउन डी ब्लॉक के निवासी और वरिष्ठ पत्रकार बाल मुकुंद ओझा ने महापौर, आयुक्त सहित सभी जिम्मेदार अधिकारियों को मेल भेजकर हूपर नहीं आने की शिकायत की है। ओझा ने लिखा है पिछले लम्बे अरसे से हमारी कॉलोनी में एक दिन छोडकर कचरा गाडी आ रही थी लेकिन कुछ महीनों से एक सप्ताह में एक बार कचरा गाडी हमारे क्षेत्र में आ रही है जिसकी शिकायत नगर निगम के शिकायत केंद्र सहित सेक्टर इंस्पेक्टर सतीश, वार्ड सुपरवाइज़र शिशुपाल मीणा और वार्ड पार्षद को करने के बाद भी कचरा गाडी नहीं पहुंचती। एक सप्ताह से कचरा गाडी नहीं आने से घरों और गलियों में कूडे और गंदगी के ढेर लग गए है। बारिश होने से मौसमी बीमारियों का खतरा भी बढ़ता जा रहा है, अगर सब कुछ ऐसे ही चलता रहा, तो लोगों में संक्रमण बढ़ने का खतरा और भी बढ़ जाएगा।

सरसों-चने की खरीद आज से शुरू होगी

जयपुर (कासं)। सहकारिता मंत्री उदयलाल आंजना ने शुक्रवार को बताया कि 1 अप्रेल से सरसों एवं चने की समर्थन मूल्य पर खरीद प्रारंभ की जाएगी। इसके लिए 20 मार्च से ऑनलाइन पंजीयन शुरू कर दिया गया है। अभी तक 94 हजार से अधिक किसानों ने ई-मित्र या संबंधित खरीद केन्द्र (ग्राम सेवा सहकारी समिति-क्रय विक्रय सहकारी समिति) के माध्यम से उपज बेचान के लिए पंजीयन किया है। आंजना ने बताया कि समर्थन मूल्य पर रबी सीजन 2023-24 में भारत सरकार द्वारा राज्य में चना खरीद का 6.65 लाख मीट्रिक टन एवं सरसों खरीद का 15.19 लाख मीट्रिक टन लक्ष्य दिया गया है। सरसों के लिए 634 तथा चना के लिए 634 खरीद केन्द्र स्थापित किए गए है। सरसों बेचान के लिए 34 हजार 47 किसानों तथा चना के लिए 60 हजार 47 किसानों ने ऑनलाइन पंजीयन कराया है।

ए.डी.एम.बीरबल सिंह सेवानिवृत्त

जयपुर। जिला कलक्ट्रेट सभागार में शुक्रवार को सेवानिवृत्ति समारोह आयोजित किया गया। समारोह में कलक्टर प्रकाश राजपुरोहित ने अतिरिक्त जिला कलक्टर (दक्षिण) बीरबल सिंह एवं तहसीलदार राम सिंह रेवाड को माल्यार्पण एवं स्मृति चिन्ह प्रदान कर सम्मान किया। समारोह को संबोधित करते हुए कलक्टर ने कहा कि बीरबल सिंह ने अपने संपूर्ण कार्यकाल के दौरान में ज्ञान, दक्षता, व्यवहार कुशलता, संवेदनशीलता एवं प्रतिभा का परिचय दिया एवं प्रशासनिक क्षेत्र में नए प्रतिमान स्थापित किये हैं। युवा प्रशासनिक अधिकारियों को सिंह के व्यक्तित्व एवं चरित्र से प्रेरणा लेनी चाहिए, साथ ही उनके कार्य के प्रति समर्पण, व्यवहार कुशलता, सकारात्मकता एवं निर्णय लेने जैसे गुणों को आत्मसात करने की कोशिश करनी चाहिए।

सेंट्रल पार्क में रातों-रात सैकड़ों पेड़ काटकर जमीन समतल की गई, फिर भी जिम्मेदारों पर कार्रवाई नहीं

ताज्जुब यह है कि मंत्री धारीवाल ने जेडीए के अफसरों को इस जमीन पर पुन: पेड़ लगाने के आदेश तो दिए; लेकिन जिन लोगों ने चोरी छिपे पेड़ों को काटा, उन पर कार्रवाई के लिए कुछ नहीं बोले

जयपुर (कासं)। जयपुर का हृदयस्थल सेंट्रल पार्क में सैकड़ों पेड़ काटकर समतल की गई जमीन का नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल ने शुक्रवार को निरीक्षण किया। उन्होंने जेडीए के अधिकारियों को इस जमीन पर फेसिंग कर वापस पेड़ लगाने के आदेश तो दिए, लेकिन जिस किसी ने भी इन पेड़ों को काटा, उस पर कार्रवाई के लिए कुछ नहीं बोले।

जबकि मौके पर मॉर्निंग वॉकर्स ने मंत्री धारीवाल को साफ बताया कि सेंट्रल पार्क की जमीन पर लगे हुए हरे-भरे पेड़ काट कर जमीन को समतल करने की यह कारस्तानी गोल्फ क्लब की है। गोल्फ क्लब की इस खाली पड़ी 11 बीघा जमीन पर नजर है। उन्होंने यह सारी कार्रवाई की है। इसके बावजूद भी यूडीएच मंत्री ने इस बारे में कोई बात नहीं की।

ज्ञात रहे कि सेंट्रल पार्क से जुड़ी इस जमीन पर दो दिन से पेडों की अवैध कटाई कर जेसीबी से जमीन को समतल किया गया। इस जमीन पर लगे सैकड़ों पेड़ काट दिए गए थे। मामला खुला तो शुक्रवार सवेरे नगरीय विकास मंत्री शांति धारीवाल भी मौका निरीक्षण करने पहुंच गए। उनके साथ जेडीए आयुक्त रवि जैन, उद्यानिकी शाखा के सहायक वन संरक्षक कन्हैयालाल, प्रर्वतन शाखा के अधिकारी और जोन उपायुक्त अंजू वर्मा शामिल थी। धारीवाल ने जेडीए के अफसरों को मौके पर पर फटकार लगाई। वहां मौजूद सेंट्रल पार्क बचाओ समिति के संयोजक योगेश यादव ने बताया कि यह सारी कारस्तानी गोल्फ क्लब की है। गोल्फ क्लब इस 11 बीघा जमीन को गोल्फ क्लब में मिलाना चाहता है। जेसीबी भी इस तरफ से आई थी।

सेंट्रल पार्क की जमीन पर हरे-भरे पेड़ काटने के बाद समतल की गई जमीन।

इस पर धारीवाल ने गोल्फ क्लब प्रबंधन को कहा कि इस जमीन का उपयोग अभी निर्धारित नहीं हुआ है। ऐसे में गोल्फ क्लब यहां किसी भी तरह की गैरकानूनी गतिविधियां नहीं करें। उन्होंने जेडीए के अधिकारियों को इस 11 बीघा जमीन की फेसिंग कर सुरक्षा करने को कहा। इस बीच सेंट्रल पार्क बचाओ संघर्ष समिति के संयोजक योगेश यादव ने बताया कि गोल्फ क्लब ने यहां लगे पेड़ काटे है और जेडीए ने रोका नहीं। इसके खिलाफ वे संबंधित अधिकारियों और गोल्फ क्लब प्रबंधन के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराएंगे।

ज्ञात रहे कि सेंट्रल पार्क की यह 11 बीघा जमीन लिलि पूल का हिस्सा थी जो जैन नसियां के पीछे हैं। इस जमीन पर किसी जमाने में घोडो का फार्म हाउस था। जेडीए ने इस जमीन को सुप्रीम कोर्ट के आदेश के बाद खाली कराया था। इसके बाद से यह जमीन सेंट्रल पार्क का हिस्सा थी। लक्ष्मीविलास के पीछे होने के कारण यहां लोगों का आवागमन कम रहता है। इस जमीन के चारों तरफ चारदीवारी बनी हुई थी। पहले इसे तोड़ा गया और इसके बाद यहां लगे सघन पेड़ काटे गए। यहां पर नीम, पीपल, बड़ समेत विभिन्न प्रकार के पेड़ लगे हुए थे। जिन पर सैकड़ों पक्षियों जैसे चिडियां, बया, तोते चील, कोव्वों ने अपना बसेरा बना रखा था, जिनमें इनके अंडे भी थे। कटाई में पक्षियों का बसेरा तक खत्म हो गया। साथ में अंडे नष्ट हो गए।

- जबकि मॉर्निंग वाकर्स ने खुलेआम आरोप लगाया था कि पार्क में पेड़ काटने की यह कारस्तानी गोल्फ क्लब के लोगों की है।
- इस पर धारीवाल ने गोल्फ क्लब प्रबंधन को सिर्फ इतना कहा कि इस जमीन का उपयोग अभी निर्धारित नहीं हुआ है। ऐसे में गोल्फ क्लब यहां किसी तरह की गैरकानूनी गतिविधियां नहीं करें

ARBiT
it happens here...

Tangible Karma Day

It's referenced in a million different ways, across as many cultures and religions. "Do unto others as you'd have them do to you", "You reap what you sow", "What goes around comes around", all of these statements speak of one suspected truth of the universe. That the energy you put out into the world is what will come back to you. Tangible Karma is your opportunity to help yourself while helping others, by putting out those items around your home that you no longer need and passing the on freely to those who need them.

#SERVICES

Making Flying Less Terrible

"The ultimate goal is to help inform these airlines about what the customer is actually thinking," Srinivas says.

Researchers used artificial intelligence to identify where airlines fall short in terms of customer satisfaction and what they can do to improve flying.

The name of the game is customer satisfaction, especially in the airline industry where companies are constantly jockeying for business by promising better service than their competitors.

विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पूर्व शिक्षा मंत्री डॉ. सुरेन्द्र व्यास व पालिका अध्यक्ष सोनिया सोनी ने जनप्रतिनिधियों के साथ एसडीएम आवास के सामने तीन दिन से आमरण अनशन पर बैठे पूर्व विधायक रणवीर पहलवान व 11 दिन से आमरण अनशन एवं तीन दिन से मौन व्रत लिये धरना व अनशन पर बैठे स्वप्निल भडाणा, कमलेश सैनी, प्रधान जाट हिन्दु, के धरना स्थल पर पहुंच समझाईश का प्रयास करते हुए कहा कि जिला मुख्यालय बनने के सभी मापदण्ड पूर्ण रखते हुए 76 साल से मालपुरा को जिला बनाने की मांग उठ रही व क्षैत्रवासियों के अधिकारो की अनदेखी कर मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने विधानसभा चुनाव से 9 माह पूर्व चुनावी कार्ड खेलते हुए रामलुभाया कमेटी की तथ्यात्मक रिपोर्ट को नजर अंदाज कर अपने चहेतों को राजनैतिक लाभ पहुंचाने के लिए ग्राम पंचायत स्तर की दूदू को जिला बना दिया। इतना ही नही नवीन जिले बनाने के लिए रामलुभाया कमेटी की रिपोर्ट सरकार को सौंपी जाने के बाद डॉ. रघु शर्मा ने केकडी को जिला बनाने का प्रस्ताव रखने के बावजूद सीएम ने केकडी को भी जिला बना दिया, जो कि नैतिक व कानून तौर पर गलत है।

ऐसे मे मालपुरा को जिला बनाने के लिए शुरू किया गया यह आंदोलन लम्बा चलेगा। तीनों ही जनप्रतिनिधियों व शहर के प्रबुद्धजनों ने अनशनकारियों से अनशन समाप्त कर धरना प्रदर्शन सहित अन्य आंदोलन के जरिए अपने अधिकारों की लडाई लडने का प्रस्ताव रखा। जिसे तीनों अनशनकारी युवकों ने अस्वीकार कर राज्य सरकार अथवा रामलुभाया कमेटी की घोषणा अथवा आश्वासन के बाद ही अनशन तोड़ने का अपना निर्णय सुना मौन व्रत ले लिया। डॉ. व्यास ने आमजन से अपील करते हुए शनिवार को 11 बजे धरना स्थल पहुंच अनशनकारियों का अनशन समाप्त करने की कि अपील करें।

झुंझुनूं। जिलेभर में बदले मौसम के साथ बारिश और ओलावृष्टि भी हुई। बारिश के किसानों के चेहरे पर शिकन नजर आ रही है। गेहूं की फसल कटाई की जा रही हैं और कई जगह लगभग काट कर खेतों में रखी हुई हैं। जिसको बारिश और ओलावृष्टि ने प्रभावित किया है। बारिश की आशंका के चलते निकटवर्ती गांव सोती में एक खेत में कटी पड़ी गेहूं की फसल को बारिश से बचाने के लिए किसान अजय ने तिरपाल लगाकर कुछ इस तरह जतन किया।

तेज बरसात के साथ ओले गिरे

झुंझुनूं, (निसं)। पश्चिमी विक्षोभ के कारण अचल में बरसात का दौर लगातार दूसरे दिन शुक्रवार को भी जारी रहा। कई स्थानों पर तेज बरसात के साथ ओले गिरे। बरसात व ओलावृष्टि से किसानों को नुकसान हुआ है। दोपहर में आसमान में बादलों की आवाजाही के कारण धूप-छांव का खेल शुरू हुआ। इसके बाद काले बादलों के आने से दिन में अंधेरा सा हो गया और बूंदाबांदी का दौर शुरू हुआ। जो चंद मिनटों में रिमझिम व तेज बरसात में तब्दील हो गया। शहर में करीब 20 मिनट बरसात का दौर चला। इसके बाद आसमान एक बार फिर साफ हो गया और धूप खिली। जिले के मंडावा कस्बे में भी तेज बरसात हुई। कस्बे में बरसात के साथ ओलावृष्टि हुई। इससे बाजार सहित लोगों के घरों की छत व गलियों में ओलों की चादर बिछ गई। बरसात के कारण खेतों में काटकर रखी फसल को नुकसान हुआ। किसान ओलों व बरसात के बीच ही फसल बचाने का जतन करते रहे।

मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़े:- इधर, मौसम के बार-बार बदलने के कारण मौसमी बीमारियों के मरीज बढ़ गए है। निजी चिकित्सालयों के चिक्तिसकों की राइट टू हेल्थ बिल के विरोध में हडताल के कारण सरकारी अस्पतालों में मरीजों की कतार लग रही है। अस्पतालों में ज्यादातर सर्दी, खांसी व बुखार के मरीज पहुंच रहे है। सरकारी अस्पताल में आउटडोर पहले की तुलना में लगभग दोगुना हो गया है।

मासूम से दुष्कर्म मामले में मृत्युदंड की सजा

चित्तौड़गढ़, (निसं)। जिले के बस्सी थाना क्षेत्र में करीब एक वर्ष पूर्व ढाई साल की मासूम से दुष्कर्म के बाद हत्या करने और शव को कुएं में फेंकने के मामले में पोक्सो कोर्ट- चित्तौड़गढ क्रमांक प्रथम के न्यायाधीश ने शुक्रवार शाम को ऐतिहासिक फैसला सुनाया है। अभियुक्त को दुष्कर्म और हत्या का दोषी माना है तथा उसे मृत्युदंड की सजा सुनाई है। वारदात के करीब 11 माह बाद कोर्ट ने इस मामले में फैसला सुनाया है।

विशेष लोक अभियोजक पोक्सो कोर्ट चित्तौड़गढ़ शोभालाल जाट ने बताया कि 21 अप्रैल 2022 को बस्सी थाना क्षेत्र में यह वारदात हुई थी। इसमें विवाह समारोह में अपनी मां के साथ आई एक ढाई साल की मासूम को अभियुक्त उठा कर ले गया और दुष्कर्म के बाद गला दबा कर उसकी हत्या कर दी तथा शव को कुएं में फेंक दिया था। इस मामले में पुलिस ने बस्सी थाने पर 68/2022 के तहत विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया और अनुसंधान शुरू किया। इस मामले में अभियुक्त भीलवाड़ा जिले के बिगोद थाना क्षेत्र में आने वाले किशनपुरा गांव निवासी रमेश पुत्र नानूराम धाकड़ को गिरफ्तार किया। पुलिस के उच्च अधिकारियों के आदेश पर तथा घटना की गंभीरता को देखते हुए इस प्रकरण को केस ऑफिसर स्कीम में लिया गया।

इस मामले में अनुसंधान अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक शाहना खानम की ओर से किया गया। पुलिस ने इस मामले में गिरफ्तार अभियुक्त को न्यायालय के आदेश पर जेल भेज दिया। इस मामले में पोक्सो कोर्ट चित्तौड़गढ क्रमांक-एक के न्यायाधीश ने अभियुक्त को दोषी पाया और शुक्रवार को सजा सुनाई है।अभियुक्त को चार अलग-अलग धाराओं में सजा सुनाई, जिसमें मुख्य रुप से धारा 302 में मृत्युदंड की सजा सुनाई। प्रकरण की सुनवाई के दौरान अभियोजन पक्ष की ओर से न्यायालय में 23 गवाह और 90 दस्तावेज के अलावा 14 आर्टिकल पेश किए। अभियुक्त को ढाई साल के बच्चे का लिंग काटने के मामले में भी दोषी पाया गया। अभियुक्त को सजा सुनाने के दौरान न्यायालय परिसर में हलचल भी देखने को मिली।

प्रहराधिकारी रिश्वत लेते गिरफ्तार

उदयपुर, (कासं)। भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों की टीम ने सलूम्बर आबकारी थाने के प्रहराधिकारी को छह हजार रूपये रिश्वत लेते गिरफ्तार किया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरों के अतिरिक्त महानिदेशक हेमन्त प्रियदर्शी ने बताया कि एसीबी की डूंगरपुर इकाई को परिवादी द्वारा शिकायत दी गई कि उसकी लाइसेंसशुदा शराब की दुकान को निर्बाध चलने देने एवं परेशान नहीं करने के एवज में सलूम्बर आबकारी थाने के प्रहराधिकारी राजेन्द्र प्रसाद जाटव द्वारा तीन माह की बंधी के रूप में 6 हजार रुपये रिश्वत की मांग कर परेशान किया जा रहा है। इस पर एसीबी उदयपुर के उप महानिरीक्षक पुलिस राजेन्द्रप्रसाद गोयल के सुपरविजन में एसीबी की डूंगरपुर इकाई के उप अधीक्षक हेरम्ब जोशी क्षरा शिकायत का सत्यापन कर ट्रेप कार्यवाही करते हुए राजेन्द्रप्रसाद जाटव पुत्र भागचंद निवासी ग्राम सलेमपुर तहसील महुवा जिला दौसा हॉल प्रहराधिकारी आबकारी थाना सलूम्बर को 6 हजार रुपये रिश्वत लेते रंगे हाथों गिरफ्तार किया। एसीबी के महानिरीक्षक पुलिस सवाई सिंह गोदारा के निर्देशन में आरोपी से पूछताछ की जा रही है।

खेत बने दरिया, किसान हुए मायूस

पाटन, (निसं)। किसानों की फसल लगभग पक कर तैयार खड़ी है तथा चने, सरसों एवं कई जगहों पर गेहूं की कटाई भी शुरू हो चुकी है। ऐसे में बेमौसम की बारिश ने किसानों को रुला दिया है वहीं खेत भी पानी के दरिया बन चुके हैं। अधिकांश फसल पहले अत्यधिक ठंड में खराब हो चुकी थी। रही सही कसर चैत्र माह में लगातार बारिश कर खराब कर दी है।

चैत्र मास के समापन पर व वैशाख लगते लगते लगभग किसान अपनी फसल की कटाई कर लेते हैं परंतु इस वर्ष तो मानो कुदरत ने किसानों पर कहर ही ढा दिया है। किसानों के खेतों में कटी हुई सरसों पड़ी है तो कई खेतों में कटे हुए चने पड़े हैं, गेहूं की फसल पक कर खड़ी हुई है परंतु बारिश और ओलावृष्टि से अधिकांश फसल चौपट हो चुकी है। इस प्राकृतिक आपदा से किसानों को जो नुकसान हुआ है उसके आंसू पोछने वाला भी कोई नहीं है। सरकार ने अत्यधिक ठंड में खराब हुई सरसों की फसल का मुआवजा देने का वायदा तो किया है लेकिन क्या इस बारिश और ओलावृष्टि का मुआवजा सरकार दे पाएगी।

थानागाजी, मालाखेड़ा व बालेटा में ओले गिरे

अलवर, (निसं)। अलवर के थानागाजी, मालाखेड़ा व बालेटा के आसपास शुक्रवार दोपहर बाद 30 मिनट तक ओले गिरे। थानागाजी में सरिस्का के पास ओलों से दूर तक धरती सफेद हो गई। खेतों में खड़ी फसल चौपट हो गई है, किसानों को मोटा नुकसान हो गया। 7 दिन पहले अलवर टहला, राजगढ क्षेत्र में ओलों से पूरी फसल चौपट हो चुकी है। अब बालेटा-मालाखेडा के आसपास कई किलोमीटर में ओले बिछ गए। जिससे किसानों की मुश्किलें बढ़ गई हैं। बालेटा के किसानों ने बताया कि गेहूं की फसल चौपट हो गई। सरसों की कटाई हो चुकीथी, लेकिन सरसों पूरी तरह चौपट हो गई। यहां किसानों को मोटा नुकसान हुआ है। किसानों का कहना है कि सरकार को किसानों की मदद करनी चाहिए। तुरंत गिरदावर रिपोर्ट कराकर किसानों को मुआवजा देना चाहिए। ताकि उनको कुछ राहत मिल सके।

तेज हवाओं के साथ बारिश हुई

टोंक, (निसं)। जिला मुख्यालय सहित आसपास के इलाकों में बीती रात्रि से मौसम बदला रहा है और रात्रि को तेज हवाओं के साथ बैमौसम बारिश हुई तो शुक्रवार को दोपहर बाद बादल छाने के साथ ही हल्की बारिश हुई।

जिला मुख्यालय पर बीती रात्रि को अचानक हवाएं चलना शुरु हो गई और उसके साथ ही बारिश का दौर शुरु हो गया, अचानक बारिश का दौर शुरु होने से किसानों के सामने परेशानी खड़ी हो गई और बारिश के चलते खेतों में खड़ी व कटी हुई पड़ी गेंहू, चने की फसलों को नुकसान हुआ। वहीं बारिश के चलते रामनवमी के साथ शादी ब्याह का मजा किरकिरा हो गया। शादी ब्याह के आयोजकों को परेशानी का सामना करना पड़ा। वहीं शुक्रवार को सुबह धूप निकलने के बाद दोपहर बाद मौसम बदल गया और बादल छाने के साथ गर्जना के साथ हल्की बारिश हुई। बैमौसम बारिश का दौर चलने से किसानों की पकी पकाई फसलों को नुकसान हुआ।

कटी फसलों को हुआ नुकसान

खिरोड़, (निसं)। क्षेत्र में शुक्रवार दोपहर को तेज बरसात हुई। जिससे खेतों में कटी कटाई बड़ी फसल में नुकसान हुआ। फसल में नुकसान होने से किसान निराश नजर आने लगे हैं।

क्षेत्र के कुछ इलाके में चने के आकार के ओले भी गिरे। किसान सांवरमल गिला ने बताया कि क्षेत्र की कैमरी ढाणी एवं पास पडौस के इलाके में चने के आकार के ओले गिरने से गेहूं चने आदि की फसल में काफी नुकसान हुआ है।

ओले गिरने से खेतों में फसल को नुकसान होने से किसानों को परेशानी का सामना करना पड रहा है। किसानों ने प्रशासन से बरसात ओलों से नष्ट हुई फसल का मुआवजा दिए जाने की मांग की है।

संजीवनी सोसायटी: चार और प्रकरण दर्ज

मोटा मुनाफा और निवेश के नाम पर लोगों से सोसायटी ने की थी ठगी

जोधपुर, (कासं)। मोटा मुनाफा और निवेश के नाम पर लोगों से ठगी करने वाली सोसायटी संजीवनी के खिलाफ चार और प्रकरण सरदारपुरा थाने में दर्ज हुए है। इससे पहले इसी थाने में आधा दर्जन केस दर्ज किए जा चुके है।

सरदारपुरा पुलिस ने बताया कि चौथी बी रोड सरदारपुरा निवासी गोपाल शर्मा पुत्र नंदलाल शर्मा और कनोजिया भवन 11 वीं ई रोड निवासी ओमप्रकाश पुत्र श्यामलाल कनोजिया ने रिपोर्ट दी कि उन्होंने संजीवनी कॉ ऑपरेटिव सोसायटी लिमिटेड के नसरानी सिनेमा के पास स्थित शाखा में निवेश किया। लेकिन सोसायटी ने उनका पैसा वापस नहीं लौटाया। इसी प्रकार बलदेव नगर शिव मंदिर के पास रहने वाली सावित्री सोनी पत्नी रूपाराम सोनी ने और आमली का बास बालाजी मंदिर के पास रहने वाली रेनू सोनी पत्नी तुलसीराम सोनी ने भी अलग अलग प्रकरण सरदारपुरा थाने में दर्ज करवाए है। इससे पहले कल एक साथ करीब एक दर्जन मामले दर्ज कराए गए थे।

क्या है संजीवनी घोटाला:- संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी को राजस्थान सोसाइटी एक्ट के तहत 2008 में रजिस्टर्ड कराया गया था. इसके बाद 2010 में ये सासाइटी मल्टी स्टेट कोऑपरेटिव सोसाइटी के रूप में बदल गई।इस सोसाइटी के पहले मैनेजिंग डायरेक्टर विक्रम सिंह थे, जो घोटाले की जांच में प्रमुख नाम भी हैं। विक्रम सिंह को ही इस पूरे घोटाले का मास्टरमाइंड माना जाता है, जिनकी गिरफ्तारी भी हो चुकी है। संजीवनी पीड़ित संघ का दावा है कि कोऑपरेटिव सोसाइटी में लोगों ने भारी रकम निवेश की थी, लेकिन उन्हें पैसा वापस नहीं किया गया और उसका गलत तरीके से गबन कर लिया गया।

इधर यह मामला एक बार फिर सुर्खियों में तब आया जब पीड़ितों ने मुख्यमंत्री अशोक गहलोत से मुलाकात कर अपना पैसा दिलाने की मांग की।

मुख्यमंत्री अशोक गहलोत के जोधपुर दौरे के समय पीड़ितों के एक शिष्टमंडल से मुलाकात की तथा मदद की गुहार लगाई। राज्य के विभिन्न जिलों से आए पीड़ितों ने मुख्यमंत्री को करोड़ों रुपये की ठगी के साथ-साथ अपनी बिगड़ती आर्थिक स्थिति से अवगत कराया। पीड़ित इस मामले में केन्द्रीय मंत्री गजेन्द्र सिंह शेखावत की भी भूमिका बता रहे हैं।मुख्यमंत्री गहलोत ने पीड़ितों को भरोसा दिलाया और कहा कि उनकी सरकार पीड़ितों की जमा राशि को वापस दिलाने का हर संभव प्रयास करेगी।

इसके बाद से मुख्यमंत्री अशोक गहलोत लगातार पीड़ित परिवारों से मुलाकात कर रहे हैं। इससे लोगों को आश जगी कि उनकी मेहनत की कमाई अब वापस मिल जाएगी। यही कारण है कि जो पीड़ित अब तक चुप बैठ थे, वे भी आगे आकर पुलिस में रिपोर्ट दर्ज कराने लगे हैं।

इधर मुख्यमंत्री ने शेखावत को लेकर बयान बाजी शुरू कर दी। इसका परिणाम यह हुआ कि सीएम अशोक गहलोत और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत आमने-सामने आ गए हैं। गहलोत जहां इस घोटाले में गजेंद्र सिंह शेखावत के शामिल होने की बात कर रहे हैं तो वहीं शेखावत सीएम के खिलाफ कोर्ट पहुंच गए। इसके बाद भी गहलोत इस मामले को लेकर जोधपुर से सांसद और केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत पर घोटाले में शामिल होने का आरोप लगाते रहे हैं। गहलोत ने शेखावत को चेलैंज करते हुए खहा कि यदि आप बेकसूर हैं तो गरीबों का पैसा दिलाने के लिए आगे क्यों नहीं आते?

वहीं शेखावत, गहलोत को चेलैंज करते हुए कह रहे हैं कि अगर आरोप सहीं हैं तो साबित करिए। अपने खिलाफ लग रहे आरोपों के बाद गजेंद्र सिंह शेखावत ने गत शनिवार को दिल्ली की एक अदालत में एक शिकायत भी दर्ज कराई थी। अपनी शिकायत में उन्होंने मुख्यमंत्री गहलोत पर आरोप लगाया था कि संजीवनी घोटाले से नाम जोड़कर उन्हें बदनाम किया जा रहा है।

दूसरी तरफ राजस्थान हाई कोर्ट की जोधपुर खंडपीठ ने यूनियन ऑफ इंडिया समेत सभी 17 पक्षकारों को नोटिस जारी किया है। नोटिस पाने वालों में केंद्रीय मंत्री गजेंद्र सिंह शेखावत और उनकी पत्नी नोनंद कंवर का नाम भी शामिल है। हाई कोर्ट ने ये नोटिस संजीवनी पीड़ित संघ की याचिका पर सुनवाई करते हुए जारी किए हैं।

राजस्थान हाई कोर्ट में दायर याचिका में बताया गया है कि संजीवनी क्रेडिट कोऑपरेटिव सोसाइटी ने लोगों से भारी निवेश कराया,निवेशकों को फर्जी रिकॉर्ड पोस्टर दिखा कर धोखे में रखा गया। ये पूरा घोटाला करीब 900 करोड़ का बताया जा रहा है।

निजी चिकित्सकों ने सरकारी अस्पताल के सामने झाड़ू लगाई

नवलगढ़ कस्बे में निजी चिकित्सकों ने झाड़ू लगाकर आर.टी.एच. विधेयक का विरोध किया।

नवलगढ़, (निसं)। कस्बे के निजी चिकित्सालय के चिकित्सकों ने आरटीएच के विरोध में सरकारी अस्पताल के सामने झाड़ू लेकर सड़क पर सफाई कर रोष प्रकट किया। डॉ. मिनाक्षी जांगिड़ ने अपने उदबोधन मे कहा कि सरकार अपने दिलों दिमाग से कचरा साफ करें। नकारात्मक सोच को निकाले और ठंडे दिमाग से सोचकर कानून बनाऐ और इस काले कानून आरटीएच को हटाए।

सफाई अभियान में डॉ. मनीष जांगिड, डॉ. राजेश सैनी, डॉ. प्रदीप सिंगोदिया, डॉ. हेमंत गुप्ता, डॉ. आभा गुप्ता, डॉ. हरिओम शर्मा, डॉ. मिनाक्षी जांगिड, डॉ. विवेक, डॉ. नवल सैनी, डॉ. कैलाश सैनी, डॉ. जितेंद्र चौधरी, डॉ. अमित सैनी आदि चिकित्सक तथा अस्पताल के स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे।

संक्षिप्त

डॉ. मीनाक्षी को सम्मान मिलेगा

चाकसू, (निसं)। 14 अप्रैल को अंबेडकर जयंती पर सांवरिया हॉस्पिटल की निदेशक डॉ. मीनाक्षी

को विश्व रिकार्ड बाबासाहेब आंबेडकर सम्मान 2023 मिलेगा। डॉक्टर मीनाक्षी को चिकित्सा क्षेत्र में की गई विशिष्ट सेवाओं के लिए इस पुरस्कार के लिए चुना गया। इससे पूर्व अंतरराष्ट्रीय संस्था भारत सोक्का गक्काई ने डॉ मीनाक्षी को चेंज मेकर ह्यूमैनिटी अवार्ड से नवाजा था। डॉ मीनाक्षी नारी गौरव सम्मान एवं नारी शक्ति सम्मन से भी सम्मानित हो चुकी हैं।

स्थायी वारंटी गिरफ्तार

टोंक, (निसं)। शहर कोतवाली थाना क्षेत्र में फरार चल रहे स्थायी वारंटी को कोतवाली पुलिस ने गिरफ्तार किया है। मामले की गम्भीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक राजर्षि राज वर्मा के आदेशानुसार, अति. पुलिस अधीक्षक टोंक भवानी सिंह राठौड के निर्देशानुसार एवं वृत्ताधिकारी टोंक सलेह मोहम्मद के पर्यवेक्षण में चलाये जा रहे वांछित अपराध अपराधियों की गिरफ्तारी के अभियान की पालना में कोतवाली थानाधिकारी जितेन्द्र सिंह द्वारा टीम का गठन कर फरार स्थायी वारन्टी देवराज पुत्र श्रीराम गुर्जर साल निवासी जेबाडिया थाना बरोनी जिला टोंक को गिरफ्तार किया गया है।

एक दिवसीय कार्यशाला

दूदू, (निसं)। पंचायत समिति सभागार में महिला बाल विकास विभाग के तत्वावधन में मोटा अनाज सबकी ताकत पोषण कार्यक्रम के तहत एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला का शुभारंभ महिला बाल विकास अधिकारी पारूल शर्मा, जिला अध्यक्ष रेखा शर्मा, पर्यवेक्षक पूजा तिवारी, ममता बोबास, कृष्णा ने मां सरस्वती के छाया चित्र के समक्ष दीप प्रजिलत कर किया।

सात वर्षीय अर्श अली ने रोजा रखा

मनोहरपुर, (निसं)। 7 वर्षीय अर्श अली ने अपने जीवन में प्रथम बार

रोजा रखा। अली ने बताया कि मुझे बहुत अच्छा लग रहा हैं सभी ने मुझे गिफ्ट देकर मेरा मनोबल बढा रहे हैं। मेरे रोजा रखने की खुशी में लोगों को खाना खिलाकर खुशी मनाई। सभी लोग अपने सब्र का इम्तिहान देकर ख़ुदा को राजी कर रहे है ऐसे में हम क्यों पीछे रहे। इस अवसर पर हाजी रोशन खान, मुस्ताक अली,रुस्तम खान आदि उपस्तिथ थे।

276 यूनिट रक्त एकत्रित

दूदू, (निसं)। कस्बे में संचालित जनता केयर हॉस्पिटल में शुक्रवार को स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की पुण्यतिथि पर स्वैच्छिक रक्तदान शिविर का आयोजन किया। जिसमें 276 यूनिट रक्त एकत्रित किया। आयोजक मोजमाबाद पंचायत समिति सदस्य सुवालाल गुर्जर ने बताया कि रक्तदान में इस बार पुरूषों के साथ महिलाओं , बालिकाओं ने भी भागेदारी निभाई। इस दौरान पूर्व विधायक डॉ. प्रेम चन्द बैरवा, प्रकाश धाभाई, रामधन धाभाई, सुनील धाभाई, किशन धाभाई, सहदेव गुर्जर, लक्ष्मण गुर्जर सहित सर्व समाज के लोगाँ ने रक्तदान किया। सभी रक्तदान दाताओं को जीवन सुरक्षा के लिए हैलमेट वितरित किए गये।

कर्नल बैंसला को याद किया

फागी, (निसं)। गुर्जर समाज के युग पुरूष कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला को श्रद्धा से याद किया गया। कस्बे के जयपुर रोड स्थित गुर्जर छात्रावास में बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर समाज के प्रबुद्धजनों एवं सरदार पटेल सेवा समिति की ओर से श्रद्धाजंली सभा का आयोजन किया गया। जिसमें बैंसला द्वारा समाज को दिये अमूल्य योगदान एवं उनकी जीवनी पर प्रकाश डाला। सभा में हनुमान छावडी छोटूमानहाला रामेश्वर प्रसाद गुर्जर अश्विनी कुमार अवधेश छावडी रंगलाल मानहाला सहित सैंकडों गुर्जर समाज के प्रबुद्धजन उपस्थित थे।

562 कृषकों को भूमि के खातेदारी अधिकार पट्टे दिये

कोटपूतली, (निसं)। ग्राम पंचायत बसई कार्यालय पर शुक्रवार को महकमा कस्टोडियन भूमि, तहसील कोटपूतली द्वारा ग्राम बसई, पेजुका व जाहिदपुरा में कस्टोडियन भूमि के खातेदारी अधिकार कृषकों को प्रदान करने के लिए कैम्प का आयोजन किया गया।

इस मौके पर खातेदारी अधिकारों की सनद (पट्टा) देने के लिए स्वयं क्षेत्रीय विधायक, उच्च शिक्षा व गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ग्राम बसई पहुंचे। जहां उन्होंने आयोजित कार्यक्रम

- खातेदारी अधिकार पाकर कृषकों के चेहरे खिले
- राज्य सरकार किसानों व मजदूरों के हितों के लिए समर्पित : यादव

में ग्रामीणों व किसानों के हुजुम के बीच उक्त तीनों गांवों के 562 कृषकों को 88.2792 है. भूमि के खातेदारी अधिकार की सनद (पट्टों) का वितरण किया। कार्यक्रम को सम्बोधित करते हुए उन्होंने कहा कि आजादी के बाद से ही अपने अधिकारों से वंचित रहे कस्टोडियन पीड़ित किसानों को उनका

गृह राज्यमंत्री राजेन्द्र सिंह यादव ने किसानों को कस्टोडियन भूमि के अधिकार पत्र सौंपे।

हक मिल रहा है यह बेहद हर्ष का विषय है। यादव ने कोटपूतली को जिला बनाने पर मुख्यमंत्री गहलोत का धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कोटपूतली के विकास में हरसम्भव प्रयास किये जाने की बात कही। राज्यमंत्री ने कहा कि लोकतंत्र में जनकल्याणकारी शासन की स्थापना ही सरकारों का लक्ष्य होना चाहिये। मुख्यमंत्री गहलोत के नेतृत्व में प्रदेश की कांग्रेस सरकार गांव, गरीब, किसान, मजदूर, दलित, शोषित, वंचित, पीडित, आदिवासी व वनवासी वर्गों के हितों को ध्यान में रखते हुए कार्य कर रही है। संचालन करते हुए किसान बचाओ आन्दोलन के संयोजक एड. मनोज चौधरी ने इसको लेकर किये गये संघर्ष व आन्दोलन की विस्तार से जानकारी दी। तहसीलदार अभिषेक सिंह ने आवंटन की लिस्ट पढकर सुनाते हुए आपत्तियों की सुनवाई की। वहीं एसडीएम ऋषभ मण्डल ने खातेदारी प्रक्रिया पर प्रकाश डालते हुए आगामी कैम्प के बारे में बताया। इस दौरान नायब तहसीलदार भोमसिंह मीणा, प्रधान प्रतिनिधि इन्द्राज रावत, सरपंच कविता देवी, विक्रम गुर्जर, एड. रामौतार सनवाल,ब्लॉक कांग्रेस अध्यक्ष कन्हैया लाल सैनी, सत्यवीर मीणा, विक्रम सिंह लीडर, पूर्व सरपंच मेहरसिंह, सुरेश यादव, दाताराम जाट, बनवारी मीणा, सन्नी सेहरा, बाबूलाल सनवाल, कुलदीप गोठवाल समेत अन्य मौजूद थे। इस मौके पर ग्रामीणों ने कोटपूतली को जिला बनाये जाने पर राज्यमंत्री यादव का माला व साफा पहनाकर अभिनन्दन भी किया।

विधायक इंद्रराज गुर्जर के छोटे भाई पर हमला

पावटा, (निसं)। विराटनगर विधायक इंद्रराज गुर्जर के छोटे भाई राजेश गुर्जर व उसके साथी पर बीती रात अज्ञात बदमाशों ने हमला कर दिया। हालांकि हमले में विधायक का भाई राजेश व साथी बाल-बाल बच गये। लेकिन बदमाश विधायक के भाई की स्कार्पियो कार में तोड़फोड़ कर मौके से फरार हो गए।

घटना के बाद पीड़ित ने भाबरू पुलिस थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। वहीं भाबरु थाना पुलिस ने वारदात में प्रयुक्त बोलेरो कार जब्त की है तथा तीन बदमाशों कमलेश कुमार पुत्र गुलाराम, सुभाष चंद्र पुत्र मूलाराम, राकेश पुत्र जगदीश प्रसाद को पकड़ा है। जानकारी के मुताबिक विधायक इंद्रराज गुर्जर का छोटा भाई राजेश गुर्जर अपने साथी के साथ किसी शादी समारोह में स्कार्पियो कार से जाकर आ रहा था।

भाबरू थाना क्षेत्र के हाइवे स्थित होटल हाइवे किंग के पास उसकी स्कार्पियो कार को अज्ञात लोगों ने बोलेरो गाडी लगाकर रूकवा ली। वही बोलेरो में सवार आधा दर्जन बदमाशों ने कार पर लाठी, डंडो, हॉकी व धारदार हथियार से हमला कर दिया और तोडफोड कर दी।

इस हमले में स्कार्पियो कार के लॉक होने से राजेश गुर्जर व उसका साथी बाल-बाल बच गए। हमला करने के बाद बदमाश फरार हो गए। सूचना पर लोगो की भीड लग गई।

सार-समाचार

बाइक को बचाने के चक्कर में ट्रेलर पलटा

पावटा, (निसं)। उपखंड पावटा सीएचसी मोड के समीप बाइक सवार युवकों को बचाने के चक्कर में प्लास्टिक दानों से लदा ट्रेलर पलट गया जिससे ट्रेलर चालक को हल्की चोटें आई हैं। इस दौरान बाइक सवार युवक बाल-बाल बच गए। घटना के बाद राष्ट्रीय राजमार्ग 48 पर कुछ देर आवागमन बाधित रहा। घटना के बारे में बताया जाता है कि खोटा पट्टी तहसील पुहाना जिला नूह मेवात हरियाणा निवासी ट्रेलर चालक साइब पुत्र रसीद ट्रेलर से प्लास्टिक दाना लेकर गुजरात से दिल्ली जा रहा था। जैसे ही वह पावटा सीएचसी मोड के समीप पहुंचा कि कट पर रोड क्रॉस कर रहे बाइक सवारों को बचाने के चक्कर अनियंत्रित होकर कट से अंदर घुसते हुए दिल्ली जाने वाले रोड से जाकर विपरीत जयपुर रोड पर जाकर नाले में पलट गया।

आपसी झगड़े में एक की मौत

निवाई, (निसं)। सदर थाना अंतर्गत गांव सूरज का खेडा में बुधवार की रात आपसी कहासुनी के बाद हुए झगडे में एक जने की मौत हो गई। सदर थाना अधिकारी नरेश कंवर ने बताया कि मृतक के पुत्र बंटी बैरवा ने मामला दर्ज करवाया है कि बुधवार की रात को उसके पिता खेत पर गए हुए थे। वहां पर रामसहाय पुत्र कानाराम व बलवीर पुत्र रामसहाय से किसी बात को लेकर आपस में कहासुनी हो गई। इसके बाद दोनों ने उसके पिता के साथ मारपीट कर दी जिससे घायल हो गए। घायल अवस्था में उसे निवाई सीएचसी में उपचार के लिए भर्ती करवाया जहां से चिकित्सकों ने उसे टोंक रेफर कर दिया। गुरुवार को तबीयत अधिक बिगडने के कारण टोंक से जयपुर रेफर कर दिया गया। इसी दौरान जयपुर ले जाते समय बीच रास्ते में उसने दम तोड दिया। पुलिस ने बताया कि मौत होने के बाद उसे राजकीय सामुदायिक चिकित्सालय निवाई लेकर आए जहां चिकित्सकों ने नरेंद्र उर्फ पप्पू बैरवा को मृत घोषित कर दिया। बाद में पोस्टमार्टम करवा कर शव परिजनों को सौंप दिया गया। मृतक के पुत्र बंटी ने दोनों के विरुद्ध नामजद मुकदमा दर्ज करवाया है।

186 यूनिट रक्तदान किया

मालपुरा, (निसं)। गुर्जर समाज के मसीहा शिक्षा की अलख जगाने वाले स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर बाबा कर्नल फाउण्डेशन मालपुरा के तत्वावधान में शहीद स्मारक पर रक्तदान शिविर व श्रद्धांजली सभा का आयोजन हुआ। गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के जिला संयोजक व देवरानारायण बोर्ड के जिला प्रतिनिधि बच्छराज गुर्जर ने बताया कि पूर्व न्यायाधीश वीएस सिराधना, विधायक कन्हैयालाल चौधरी, पालिका अध्यक्ष सोनिया मनीष सोनी, अम्बेडकर विचार मंच विकास समिति के लोकेश लोदी सहित बड़ी संख्या में पहुंचे सर्वसमाज के लोगों ने शहीद स्मारक पर लगी कर्नल बैंसला की फोटो के समक्ष पुष्पांजली अर्पित कर बाबा कर्नल को नमन किया। प्रथम पुण्यतिथि पर आयोजित रक्त दान शिविर में पहुंचे रक्तदाताओं ने 186 यूनिट रक्तदान कर कर्नल बैंसला को श्रद्धांजली दी।

कर्नल बैंसला की पुण्यतिथि मनाई

नारायणपुर, (निसं)। उपखंड क्षेत्र की ग्राम पंचायत विजयपुरा में स्थित तुर्कियावास वाले पीर बाबा मंदिर में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि मनाई गई। इस दौरान गुर्जर समाज के लोगों ने कर्नल बैंसला की प्रतिमा पर पुष्प अर्पित कर श्रद्धांजलि दी। इस दौरान बानसूर एसीबीओ इन्द्राज गिराटी, डॉ.तेजवीर पायला ने समाज के लोगों संबोधित करते हुए कर्नल बैंसला के जीवन पर प्रकाश डाला और समाज के लोगों ने उनके बताए मार्ग पर पर चलने का संकल्प लिया। इस मौके पर समाजसेवी हीरालाल धाबाई, डॉ.विक्रम गुर्जर, नेतराम रावत, विक्रम गोवल्या, शीशराम रावत, हवलदार लक्ष्मण पायला सहित बडी संख्या में गुर्जर समाज के लोग उपस्थित रहे।

खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन

श्रीमाधोपुर, (निसं)। रींगस-श्रीमाधोपुर राजू भाई मार्ग पर स्थित जालपाली में राजस्थान सीनियर सेकेंडरी स्कूल में राजस्थान दिवस के उपलक्ष पर खेल प्रतियोगिताओं का आयोजन हुआ। संस्था निदेशक भजन लाल बिजारणिया ने फीता काटकर खेल प्रतियोगिता का शुभारंभ किया। कबड्डी खेल प्रतियोगिता रेफरी बाबूलाल सामोता व राजेश कुमार सामोता ने बताया विद्यालय में इंग्लिश मीडियम व हिंदी मीडियम के बीच जलेबी प्रतियोगिता एवं बालक बालिकाओं की कबड्डी खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें बालक वर्ग में 11 जीव विज्ञान व बालिका वर्ग में 11 जीव विज्ञान विजेता रही। इस दौरान विद्यालय प्रधानाचार्य तेजपाल सिंह, व्याख्याता अशोक कुमार, साधु राम, सांवरमल, राजेश कुमार, अजय कुमार, गजान्द कुमावत सहित समस्त कर्मचारी उपस्थित रहे।

यूनानी औषधालय का विस्तार होगा

सांभरझील, (निसं)। राष्ट्रीय आयुष्मान भारत योजना अंतर्गत सांभर राजकीय यूनानी औषधालय में हर्बल गार्डन विकसित किए जाने के लिए इसका चयन हुआ है। यूनानी चिकित्सा विभाग के निदेशक डॉ फैयाज खान ने आयुष हैल्थ एंड वैलनेस सेंटर पर हर्बल गार्डन विकसित किए जाने के लिए प्रशासनिक व वित्तीय स्वीकृति भी जारी कर दी है। औषधीय पादपों की खरीदारी के लिए प्रथम चरण में 20 हजार रुपए मंजूर किए गए हैं तथा इसके पश्चात गार्डन के रखरखाव, संरक्षण के लिए समय-समय पर अलग से वित्तीय व्यवस्था और की जाएगी। सांभर राजकीय यूनानी औषधालय की चिकित्सक आयशा सिद्दीका को सेंटर के प्रभारी अधिकारी पद की भी जिम्मेदारी दी गई है। योजना अंतर्गत आने वाले कुछ समय में चिकित्सा सुविधाओं का और विस्तार होगा।

बैंसला की पुण्यतिथि पर रक्तदान

सांभरझील, (निसं)। कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर शुक्रवार को एक निजी विद्यालय में रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। शिविर में 176 यूनिट रक्त संग्रहित हुआ। विद्यालय के निदेशक श्रवण लाल नीमली ने रक्तदाताओं की हौसला अफजाई करते हुए कहा कि रक्तदान से बढकर कोई दान नहीं है। प्रधान सहदेव गुर्जर ने कहा कि महापुरुष की पुण्यतिथि पर रक्तदान शिविर आयोजित करके श्रद्धांजलि दी गई है। इस अवसर पर गुर्जर समाज अध्यक्ष धीरू गुर्जर, लक्ष्मण सिंह रिणगी, सुरेश चौहान, बीरबल बारवाल, विष्णु रिणगी, हरदेव, गोगराज वर्मा, हजारी सिंगला, किशन तंवर, बीरम देव कोली, सीताराम कुराच, गणेश गुगल्या,जीतू गुर्जर सहित सैकडों युवाओं ने भाग लिया।

थानाप्रभारी का स्थानान्तरण

कोटपूतली, (निसं)। जयपुर ग्रामीण एसपी डॉ. राजीव पचार द्वारा जिले भर में पुलिस अधिकारियों का स्थानान्तरण किया गया है। इसी क्रम में कोटपूतली थाने के थाना प्रभारी सवाई सिंह को यहाँ से स्थानान्तरित कर प्रागपुरा लगाया गया है। जबकि पुलिस लाईन से मांगे लाल को कोटपूतली थाने पर नया थाना प्रभारी लगाया गया है। वहीं पुलिस लाईन से ही एसआई जयप्रकाश को कोटपूतली थाने में लगाया गया है। यहाँ तैनात एसआई लक्ष्मी का स्थानान्तरण एसपी कार्यालय में किया गया है। वहीं प्रागपुरा थाना प्रभारी किरण सिंह को पुलिस लाईन में भेजा गया है।

श्रीराम जन्मोत्सव मेला शुरू

निवाई, (निसं)। सिरस कस्बे में स्थित श्री केशव राय मंदिर में गुरुवार को रामनवमी के अवसर पर दोपहर 12 बजे महाआरती के साथ ही तीन दिवसीय श्री राम जन्मोत्सव मेला शुरू हुआ। रामनवमी के दिन सुबह से ही मंदिर में श्रद्धालुओं का ताता लगा रहा। दोपहर 12 राम जन्मोत्सव को लेकर महाआरती में सैकडों श्रद्धालुओं ने भाग लिया। आरती के बाद मंदिर में माखन मिश्री का भोग लगाने के बाद श्रद्धालुओं को प्रसाद वितरण किया। शाम को पूजा अर्चना व आरती के बाद भगवान केशव रायकी शोभा यात्रा मंदिर से रवाना हुई। शोभायात्रा का कस्बे में जगह-जगह पुष्प वर्षा व आरती के साथ स्वागत किया। इस दौरान घरों के सामने भगवान की आरती उतारते समय ओम जय जगदीश हरे से संपूर्ण वातावरण भक्तिमय हो गया।

अनिल कुमार शर्मा का अवार्ड के लिए चयन

कोटपूतली, (निसं)। अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच एवं इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन के संयुक्त तत्वावधान में 7 अप्रैल को जयपुर के केशर बाग में राजस्थान स्थापना दिवस साप्ताहिक कार्यक्रम के समापन पर चयन समिति के संयोजक सुभाष स्वामी ने कोटपूतली निवासी अनिल कुमार शर्मा पत्रकार का सेवा कार्यो का अवलोकन कर भारत-नेपाल सांस्कृतिक सम्मेलन में राजस्थान समरसता रत्न अवार्ड के लिये मनोनयन किया गया है। प्रेस सचिव योगेश शर्मा ने बताया कि अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच 7300 दिवसीय कार्ययोजना के अन्तर्गत राजस्थान स्थापना दिवस के उपलक्ष्य में किया जा रहा है। भारतीय राजदूतावास काठमाण्डो (नेपाल) में रजिस्टर्ड 4699/2018 भारतीय नागरिक एवं संयोजक अन्तर्राष्ट्रीय समरसता मंच के नेतृत्व में एक सांस्कृतिक शिष्टमण्डल इण्डो

अनिल कुमार शर्मा।

नेपाल समरसता सोशल मिशन यात्रा के अन्तर्गत सम्मेलन में सम्मिलित होंगे। सम्मेलन में इण्डो-नेपाल समरसता ऑर्गेनाइजेशन द्वारा शिक्षा, चिकित्सा, न्याय, समाज सेवा आदि क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली प्रतिभाओं को न्यायमूर्ति परमानन्द झा प्रथम उपराष्ट्रपति नेपाल सरकार का आशीर्वाद पत्र प्रतिभाओं को भेंट किया जायेगा।

बैंसला की पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई

टोंक, (निसं)। राजस्थान गुर्जर आरक्षण संघर्ष समिति के जिलाध्यक्ष रामलाल गुर्जर संडीला के नेतृत्व में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में श्रीदेवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में समाज के पंच पटेलों, गणमान्य व्यक्तियों एवं कार्यकारिणी के समस्त सदस्यों की उपस्थिति में मनाई गई।

इस अवसर पर सभी वक्ताओं ने कर्नल के विचारों पर प्रकाश डालते हुए प्रेरणा ली कि समाज को आगे बढ़ाने के लिए कर्नल ने जो मंत्र दिए हैं, उनको आगे बढ़ाया जाएगा। आज कर्नल की वजह से ही गुर्जर समाज को एमबीसी के अंदर 5 प्रतिशत आरक्षण मिला जिसकी वजह से ही हजारों बच्चे प्रशासनिक मेडिकल, इंजीनियर व शिक्षा के क्षेत्र में कार्य कर रहे हैं। इस

श्रीदेवनारायण गुर्जर छात्रावास टोंक में कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि प्रेरणा दिवस के रूप में मनाई।

अवसर पर प्रधान प्रतिनिधि हंसराज फागणा ने बालिका छात्रावास के लिए अपनी ओर से पांच लाख रूपये देने की घोषणा की एवं बाबा के पद चिन्हों पर चलने की प्रेरणा ली गई।

इस मौके पर वरिष्ठ उपाध्यक्ष मोहनलाल गुर्जर, महामंत्री हरिराम गुर्जर, भगवान चाड, फतेहलाल गुर्जर, दारा सिंह फागण, केसर लाल गुर्जर, सरपंच कपिला गुर्जर, ओम प्रकाश गुर्जर, राजेन्द्र गुर्जर, रमेश गुर्जर, देवराज गुर्जर, एवं अजय गुर्जर आदि ने दो मिनट का मौन रखकर बाबा को श्रद्धांजलि अर्पित की गई।

बूथ शक्तिकरण को लेकर बैठक का आयोजन

किशनगढ़ बास, (निसं)। भारतीय जनता पार्टी विधानसभा किशनगढ़ बास की कार्यसमिति बूथ सशक्तिकरण अभियान को लेकर बैठक का आयोजन किशनगढ़ बास के पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव के अनाज मंडी किशनगढ़ बास स्थित निवास पर किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता अलवर उत्तर के जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया ने की।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाजपा जिलाध्यक्ष उम्मेद भाया ने कहा कि 1 अप्रैल से 10 अप्रैल तक शक्ति केंद्र पर बूथ के समस्त कार्यकर्ताओं की बैठक का आयोजन होगा वह मतदाता सूची व पन्ना प्रमुखों की समीक्षा की जाएगी। भैया ने कहा कि बूथ पर नव मतदाता अभियान चलाकर उन्हें पार्टी की रीति नीतियों से अवगत कराया जाएगा और पार्टी से जोड़ा जाएगा। इस अवसर पर पूर्व विधायक रामहेत सिंह यादव ने कार्यकर्ताओं को संबोधित करते हुए कहा कि कांग्रेस पार्टी ने राजस्थान में आने से पहले जनता से झूठे वादे किए थे, कांग्रेस के युवराज राहुल गांधी ने चुनाव के समय चुटकी बजाकर कहा था कि कांग्रेस की सरकार आते ही किसानों का 10 दिन में कर्जा माफ कर देगी लेकिन आज तक कोई कर्जा माफ नहीं हुआ। इस अवसर पर किशनगढ़ बास चेयरमैन प्रतिनिधि सतीश सिंघल, किशनगढ़ बास भाजपा मंडल अध्यक्ष उमेश कांत वशिष्ठ, रामनिवास यादव, प्रमिल जसोरिया, पूर्ण झबुला, राजेश बटवाडा, सहित पार्टी के पांचों मंडलों के महामंत्री शक्ति केंद्र संयोजक एवं प्रभारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

कर्नल बैंसला को नमन किया

बहरोड़/नीमराना, (निसं)। राजकीय धर्म चंद गांधी महाविद्यालय बहरोड़ में स्व. कर्नल किरोड़ी सिंह बैंसला की प्रथम पुण्यतिथि पर श्रद्धांजलि सभा का आयोजन कर श्रद्धा सुमन अर्पित किये। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में पहुंचे राजस्थान प्रदेश कांग्रेस कमेटी ओबीसी विभाग के बस्तीराम यादव सहित छात्र संघ महासचिव चेतन यादव, रमेश पटेल, मोनू, जीतू, नीरज, सचिन, रमेश पहलवान, मोहित सेन, जितेंद्र रोहतास गुर्जर, विक्रम यादव सहित सुरेंद्र सिंह यादव एडवोकेट एवं महाविद्यालय के छात्रों द्वारा श्रद्धासुमन अर्पित करते हुए श्रद्धांजलि सभा में स्वर्गीय कर्नल किरोडी सिंह बैंसला तथा समाज की सैकडों शहादतों के बाद प्राप्त आरक्षण के योगदान को भुलाए नहीं जाने की बात कही गई।

शोभायात्रा में गूंजे बजरंगी व श्रीराम के जयकारे

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर रामनवमी को लेकर धर्मावलंबियों द्वारा बजरंगी, हर-हर महादेव जय श्रीराम का जयकारा गुंजायमान कर माहौल को धर्म मय कर दिया गया।

इस बार रामनवमी के त्यौहार को विशेष रूप से मनाया गया एवं लोगों द्वारा सामूहिक रूप से राम भगवान की शोभायात्रा एवं भव्य भगवा रैली भी निकाली गई। इस कार्यक्रम के दौरान शाही लवाजमे में के साथ विभिन्न अखाड़े बाजों द्वारा हैरतअंगेज करतब दिखाए गए। उपखंड मुख्यालय स्थित नगर पालिका क्षेत्र के विभिन्न प्रमुख मार्गों पर सतरंगी रंगोलियां सजाई गई एवं रामनवमी को लेकर कई स्थानों पर रामनवमी के मौके पर निकाली गई भव्य शोभायात्रा का स्वागत सत्कार भी देखने को मिला। रामनवमी के दौरान लोग हिंदुत्व के भगवा रंग को धारण कर विश्व शांति का संदेश भी देते नजर आए। उपखंड मुख्यालय पर रामनवमी को लेकर किए जाने वाले इस भव्य आयोजन को लेकर युवाओं की टीम पिछले एक हफ्ते से पीले चावल बांटकर कार्यक्रम में लोगों को आमंत्रित कर रही थी। रामनवमी के मौके पर युवाओं द्वारा सर्व समाज को साथ लेकर इस कार्यक्रम को संपन्न करने का लक्ष्य रखा गया था। जिसे युवाओं द्वारा शांति पूर्वक निकाली गई शोभायात्रा एवं विभिन्न आयोजनों के साथ संपन्न कर दिखाया गया। शोभायात्रा का व्यापारियों एवं आम शहर वासियों द्वारा फूल वर्षा कर स्वागत किया।

नि:शुल्क ई-लाइब्रेरी का शुभारंभ

लालसोट, (निसं)। उपखंड मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन की ओर से शुरू की गई की निशुल्क आदि शंकर ई लाइब्रेरी के शुभारंभ, विप्र जन स्नेह मिलन कार्यक्रम को संबोधित करते हुए नगर पालिका के चेयरमैन रक्षा मिश्र ने कहा कि मौजूदा समय में विप्र जनों को आगे बढ़ने के लिए आपसी सहयोग एवं तालमेल की अहम जरूरत है।

चेयरमैन ने कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा कि, हमारी समाज को हर मोर्चे पर संगठित होने की जरूरत है

- विप्र जनों को आपसी सहयोग एवं तालमेल की जरूरत : रक्षा मिश्र

तभी जाकर समाज को हर क्षेत्र में पूर्ण प्रतिनिधित्व मिल पाएगा। विप्र फाउंडेशन की इस पहल से समाज के छात्र छात्राओं को ऑनलाइन पढ़ाई का अवसर मिलेगा इसके कारण प्रतिभावान छात्र छात्राओं को आगे बढने की भी संपूर्ण अवसर प्राप्त हो सकेंगे। इससे पहले ही लाइब्रेरी का विप्र कल्याण बोर्ड के चेयरमैन में शर्मा द्वारा फीता काटकर शुभारंभ किया गया। इस कार्यक्रम के दौरान ईलाइब्रेरी के लिए वर्ष भर भवन निशुल्क उपलब्ध कराने सहित ई

लालसोट उपखंड मुख्यालय पर विप्र फाउंडेशन द्वारा शुरू की गई निशुल्क ई-लाइब्रेरी कार्यक्रम को पालिका चेयरमैन रक्षा मिश्र ने संबोधित किया।

लाइब्रेरी संचालन के लिए नगद राशि सहयोगार्थ उपलब्ध कराने वाले ब्रह्म जनों का भी सार्वजनिक मंच पर अतिथियों द्वारा सम्मान किया गया। विप्र फाउंडेशन के संस्थापक संयोजक सुशील ओझा शैक्षिक प्रकोष्ठ के जिला अध्यक्ष परमानंद शर्मा महामंत्री बृजेश तिवारी जिला प्रवक्ता लोकेश आर्यन कैलाश तिवारी संयोजक व प्रदेश उपाध्यक्ष सियाराम शर्मा द्वारा कार्यक्रम को संबोधित करते हुए विप्र फाउंडेशन से जुड़े पदाधिकारियों ने बताया कि लालसोट में विप्र फाउंडेशन की पहल पर शुरू की गई प्रदेश की यह पहली की लाइब्रेरी है एवं इसी तर्ज पर अब लगातार विप्र समाज के छात्र छात्राओं को ई लाइब्रेरी के माध्यम से निशुल्क कोचिंग उपलब्ध कराने के लिए अन्य जगहों पर भी लाइब्रेरी की स्थापना की जाएगी। जयपुर में साठ हजार वर्ग फीट के क्षेत्र में परशुराम शक्तिपीठ की स्थापना की जा रही है जिसका सात मंजिला भवन आने वाले चार माह में पूर्ण करवा कर समाज को समर्पित कर दी जाएगी व उदयपुर में परशुराम महाविद्यालय तैयार है। आने वाले समय में इस तरह के कई प्रकल्प प्रारंभ किए जाएंगे जो समाज के लिए तथा राष्ट्र के लिए बहुत महत्वपूर्ण साबित होंगे। यह ई-लाइब्रेरी समाज के युवाओं के लिए निशुल्क उपलब्ध रहेगी फिलहाल 30 सीटों के साथ अध्ययन की सुविधा उपलब्ध होगी जहाँ पर अत्याधुनिक सुविधायुक्त सकारात्मक व सुरक्षित वातावरण मिलेगा। इस दौरान कार्यक्रम में पूर्व चेयरमैन दिनेश मिश्र अंजना त्यागी श्रीकांत शर्मा ओमप्रकाश त्रिवेदी संजय उपाध्याय दीपक सुकार राजेश सेडुलाई राजेंद्र डॉग एलएन भारद्वाज अमित उपाध्याय शिवकुमार बंधु रमेश ढन्ढ वेद प्रकाश शर्मा शंभूलाल रिवाली आदि ब्रह्म समाज के कई अन्य लोग मोजूद रहे।

विधायक से शिष्टाचार भेंट की

फुलेरा, (निसं)। कस्बे के निकटवर्ती प्रजापति समाज शिव मन्दिर भैसलाना के अध्यक्ष बजरंग लाल बगरानिया के नेतृत्व में प्रजापति समाज के एक शिष्ट मण्डल ने स्थानीय विधायक निर्मल कुमावत से शिष्टाचार भेंट कर अपनी बात रखी। जानकारी के अनुसार इस दौरान समाज हितों को लेकर कई मुद्दे रखे, जिसमें मुख्य रूप से प्रजापति समाज भैसलाना में एक भवन निर्माण की मांग रखी। जिस पर विधायक कुमावत ने उक्त भवन निर्माण के लिए 15 लाख रुपए का सहयोग करने का आश्वासन दिया है। जिस पर मन्दिर विकास समिति के पदाधिकारियों ने विधायक का आभार व्यक्त करते हुए माला और साफा पहनाकर अभिनंदन किया। इस अवसर पर बजरंग लाल बगरानिया, समिति के पूर्व अध्यक्ष सुरेन्द्र प्रजापति, कालूराम मारवाल, गोविन्दराम, पूर्व वाइस चेयरमैन विजय प्रजापत, सोहन लाल, राधेश्याम, गोपाल लाल, कानाराम, तुलसीराम, प्रकाश, मालीराम, रामाकिशन प्रजापति, बनवारी लाल मारवाल, उकारमल राजोरा, जयनारायण, पप्पू लाल प्रजापति, नन्दा राम, गोपाल लाल प्रजापात, घनश्याम, कानाराम प्रजापति, प्रभु दयाल, राजेन्द्र प्रजापति, नन्दकिशोर प्रजापति, नवरतन प्रजापति, रामस्वरूप प्रजापति सहित समाज के अनेक लोग उपस्थित रहे।

यह पहल इस देश में नवोदित हॉकी खिलाड़ियों को बेहतर बनने में मदद करेगी।
– दिलीप टिर्की

हॉकी इंडिया के अध्यक्ष पद्मश्री, डॉ. दिलीप टिर्की हॉकी इंडिया ने भारत भर में खेल के विकास को बढ़ावा देने के लिये बताते हुए।

खेल जगत

आज का खिलाड़ी

रोमारियो शेपर्ड

आतिशी बल्लेबाजी और अल्ज़ारी जोसेफ़ (40/5) की घातक गेंदबाज़ी की बदौलत वेस्ट इंडीज़ ने तीसरे टी20 मुकाबले में दक्षिण अफ्रीका को सात रन से हराकर तीन मैचों की शृंखला 2-1 से जीत ली है। वेस्ट इंडीज़ ने निर्णायक मैच में पहले बल्लेबाज़ी करते हुए 20 ओवर में आठ विकेट के नुकसान पर 220 रन का स्कोर खड़ा किया। इसके जवाब में मेज़बान टीम 20 ओवर में छह विकेट गंवाकर 213 रन ही बना सकी। विंडीज़ की इस रोमांचक जीत में शेपर्ड ने 22 गेंद पर दो चौकों और तीन छक्कों की बदौलत नाबाद 44 रन बनाये।

क्या आप जानते हैं ?... टैस्ट मैच में लगातार पबाधा आउट होने का रिकार्ड न्यूजीलैंड के डब्लू वाटसन के नाम है। वाटसन सात पारियों में लगातार पगबाधा आउट हुए है।

आईपीएल का पहला मैच : गुजरात टाइटंस ने चेन्नई को 5 विकेट से हराया

अहमदाबाद, 31 मार्च। 2023 का पहला मुकाबला डिफेंडिंग चैंपियन गुजरात टाइटंस और 4 बार की विजेता चेन्नई सुपर किंग्स के बीच अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में खेला गया। 179 रनों के टारगेट का पीछा करते हुए गुजरात टाइटंस ने 4 गेंद शेष रहते मुकाबला जीत लिया।

इससे पहले शुभमन गिल 63 रन बनाकर आउट हुए। उन्हें चेन्नई के इम्पैक्ट प्लेयर तुषार देशपांडे ने ऋतुराज गायकवाड के हाथों कैच कराया। इससे पहले, रवींद्र जडेजा ने कप्तान हार्दिक पंड्या (8 रन) को बोल्ड कर दिया। डेब्यू कर रहे उन्हें डेब्यू कर रहे राजवर्धन हंगरगेकर ने दो विकेट लिए। उन्होंने इम्पैक्ट प्लेयर साई सुदर्शन (22 रन), रिद्धिमान साहा (25 रन) को आउट किया। ओपनर शुभमन गिल और इम्पैक्ट प्लेयर साई सुदर्शन ने 35 बॉल पर 53 रन की साझेदारी की। यहां सुदर्शन 22 रन बनाकर आउट हुए।

179 रन के टारगेट का पीछा करने उतरी गुजरात को शुभमन गिल और रिद्धिमान साहा ने तेज शुरुआत दिलाई। दोनों ने 37 रन की पार्टनरशिप की, साहा 25 रन बनाकर राजवर्धन हंगरगेकर का शिकार हुए। गिल ने साई सुदरशन के साथ पारी आगे बढ़ाई और पावरप्ले के 6 ओवर में टीम का स्कोर 65 तक ले गए। टॉस हारकर बैटिंग करने उतरे चेन्नई के बल्लेबाजों ने 20 ओवर में 7 विकेट खोकर 178 रन बनाए। ओपनर ऋतुराज गायकवाड ने सबसे ज्यादा 92 रन बनाए। मोइन अली ने 23 रन बनाए। मध्य क्रम पर शिवम दुबे ने 19 और कप्तान महेंद्र सिंह धोनी ने 14 रन बनाए। के लिए मोहम्मद शमी, राशिद खान और अल्जारी जोसेफ ने 2-2 विकेट लिए। चेन्नई सुपर

किंग्स को ओपनिंग बैटर ऋतुराज गायकवाड ने विस्फोटक शुरुआत दिलाई। उन्होंने पहले 23 बॉल में हाफ सेंचुरी पूरी की और फिर अपनी टीम का स्कोर 150 के पार ले गए। वह अंत में 50 बॉल पर 92 रन बनाकर अल्जारी जोसेफ का शिकार हुए। इस पारी में उन्होंने 4 चौके और 9 छक्के लगाए। टॉस हारकर पहले बैटिंग करने उतरी चेन्नई सुपर किंग्स की शुरुआत खराब रही। डेवोन कॉन्वे तीसरे ही ओवर में मोहम्मद शमी की बॉल पर बोल्ड हो गए। उनके बाद उतरे मोईन अली ने टीम को तेज शुरुआत दिलाई। उन्होंने 17 बॉल में 4 चौकों और एक छक्के की मदद से 23 रन बनाए। पावर प्ले के आखिरी ही ओवर में मोईन राशिद खान की गेंद पर आउट हो गए। जिसके बाद टीम ने 6 ओवर में 2 विकेट के नुकसान पर 51 रन बनाकर अपना पावरप्ले खत्म किया।

आईपीएल के रंग में रंगी लखनऊ मेट्रो

पहली बार इंडियन प्रीमियर लीग की मेजबानी कर रही नवाब नगरी लखनऊ में क्रिकेट प्रेमियों में जबरदस्त उत्साह देखा जा रहा है। मैचों के दौरान क्रिकेट प्रेमियों की सुविधा के लिये लखनऊ मेट्रो ने मैच वाले दिन रात 1230 बजे तक संचालन जारी रखने की घोषणा की है। इसी क्रम में गुरूवार को लखनऊ सुपर जायंट्स थीम पर मेट्रो ट्रेनों का संचालन शुरू हुआ।

आईपीएल के 9 कप्तान पहुंचे अहमदाबाद

ट्रॉफी के साथ खिंचवाई फोटो, डु प्लेसिस को गले लगाते नजर आए हार्दिक पांड्या

अहमदाबाद, 31 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग (आईपीएल) का 16वां सीजन कल से शुरू हो रहा है। अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में गुजरात टाइट्स और चेन्नई सुपर किंग्स के बीच पहला मैच खेला जाएगा। उससे पहले 9 टीमों के कप्तान अहमदाबाद पहुंचे। सभी ने ट्रॉफी के साथ फोटो खिंचवाई।

मुंबई इंडियंस के कप्तान रोहित शर्मा इस दौरान मौजूद नहीं रहे। ने अपने ऑफिशियिल सोशल मीडिया अकाउंट पर खिलाड़ियों के फोटो और वीडियो शेयर किए। वीडियो में हार्दिक पंड्या के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को गले लगाते नजर आए।

खिलाड़ियों ने की मस्ती ने जो वीडियो शेयर किया है, उसमें सभी कप्तान एक-दूसरे के साथ मस्ती करते नजर आए। गुजरात के

कप्तान हार्दिक के कप्तान फाफ डु प्लेसिस को गले लगाते नजर आए। दिल्ली के डेविड वॉर्नर, चेन्नई के महेंद्र सिंह धोनी और राजस्थान के संजू सैमसन एक-दूसरे से चर्चा करते दिखे। कोलकाता के कप्तान नितीश राणा, सनराइजर्स के भुवनेश्वर कुमार, पंजाब के शिखर धवन और लखनऊ के केएल राहुल भी इस वीडियो में ट्रॉफी के साथ खड़े नजर आए। रोहित शर्मा बीमार होने के कारण ट्रॉफी के साथ फोटो शूट कराने नहीं पहुंचे। वहीं सनराइजर्स हैदराबाद से कप्तान ऐडन मार्करम नहीं पहुंचे। वह साउथ अफ्रीका में ही हैं और नीदरलैंड के खिलाफ 2 वनडे की सीरीज में टीम का हिस्सा होंगे। उनकी जगह से भुवनेश्वर कुमार फोटो शूट कराने पहुंचे। हैदराबाद का पहला मैच 2 अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ घरेलू ग्राउंड पर होगा।

विवेक के शानदार गोलों से वायुसेना को पूरे अंक

नई दिल्ली, 31 मार्च। प्लेयर आफ द मैच विवेक कुमार के मैच विजेता प्रदर्शन और दो शानदार गोलों की मदद से भारतीय वायुसेना पालम ने शुक्रवार को अजमल फुटबाल क्लब को 3-1 से हरा कर डीएसए ए डिवीजन सुपर सिक्स में दूसरी जीत दर्ज की। पहले हाफ में वायुसेना ने हल्का प्रदर्शन किया और कीमत चुकाई। आदित्य साहा ने रक्षापंक्ति की चूक का फायदा उठाते हुए बॉक्स के बाहर से नपेतुले शाट से गोली दिनेश को हैरान किया। पिछड़ने के बाद वायुसेना ने खेल पर पकड़ बनाई और अपने सदाबहार स्ट्राइकर विवेक कुमार के दर्शनीय गोल से 1-1 की बराबरी की। दूसरे हाफ के खेल में वायुसेना ने खेल पर नियंत्रण बनाया और दस खिलाड़ियों से खेलते हुए दर्शनीय जीत पाई।

ओपनिंग सेरेमनी : रश्मिका मंदाना ने किया नाटू-नाटू पर डांस, अरिजीत के गानों पर झूमे सवा लाख दर्शक

अहमदाबाद, 31 मार्च। इंडियन प्रीमियर लीग का 16वां सीजन आज से शुरू हो रहा है। मुकाबले से पहले की ओपनिंग सेरेमनी अहमदाबाद के नरेंद्र मोदी स्टेडियम में हुई। सेरेमनी देखने के लिए सवा लाख दर्शक स्टेडियम पहुंचे। मंदिरा बेदी ने करीब 55 मिनट चली ओपनिंग सेरेमनी को होस्ट किया। बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह, एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया और रश्मिका मंदाना ने सेरेमनी ने धमाकेदार परफॉर्मेंस दी।

बॉलीवुड सिंगर अरिजीत सिंह की परफॉर्मेंस के साथ ओपनिंग सेरेमनी शुरू हुई। उन्होंने केसरिया, लहरा दो, अपना बना ले, झूमे जो पठान, राबता, शिवाय, जीतेगा-जीतेगा, चढ़ेया डांस का भूत, राबता और शुभानल्लाह जैसे गानों पर परफॉर्मेंस दी। उन्होंने करीब आधे घंटे तक अपने गानों से दर्शकों को बांधे रखा। साउथ इंडियन एक्ट्रेस रश्मिका मंदाना ने

श्रीवल्ली, नाटू-नाटू और ढोलिडा जैसे गानों पर डांस परफॉर्मेंस दी। उनसे पहले एक्ट्रेस तमन्ना भाटिया ने 5 मिनट तक तूने मारी एंट्रियां और चौगाड़ा तारा जैसे गानों पर डांस किया। ओपनिंग सेरेमनी शुरू होने से पहले ही स्टेडियम के बाहर दर्शक अपनी टीमों को सपोर्ट करने के लिए पोस्टर्स लेकर पहुंचे।

श्रीकांत, सिंधु क्वार्टरफाइनल में, ध्रुव-अर्जुन बाहर

मैड्रिड, 30 मार्च। शीर्ष भारतीय शटलर पीवी सिंधु और किदांबी श्रीकांत ने गुरुवार को स्पेन मास्टर्स के दूसरे चरण में अपने-अपने मुकाबले जीतकर सुपर 300 आयोजन के क्वार्टरफाइनल में जगह बना ली।

पांचवीं सीड किदांबी ने 36 मिनट चले पुरुष एकल मुकाबले में अपने हमवतन साई प्रणीत को 21-15, 21-12 से हराकर शीर्ष-आठ में कदम रखा। दोनों खिलाड़ी 10वीं बार आमने-सामने थे और यह प्रणीत के खिलाफ किदांबी की पांचवीं जीत है। किदांबी को क्वार्टरफाइनल में शीर्ष वरीय जापान के केंटा निशिमोतो की कठिन चुनौती का सामना करना होगा। फ्रांस के अरनौद मर्कले के बाहर होने के बाद निशिमोतो को दूसरे दौर में वाकओवर मिला था।

दूसरी ओर, सिंधु ने 36 मिनट चले एकतरफा प्री-क्वार्टरफाइनल में इंडोनेशिया की पुत्री कुसुमा वरदानी को 21-14, 21-16 से परास्त किया। वरदानी के खिलाफ यह सिंधु की दो मैचों में पहली जीत है। क्वार्टरफाइनल में दो बार की ओलंपिक मेडलिस्ट सिंधु का सामना डेनमार्क की मिया ब्लिकवेल्ट से होगा।

उल्लेखनीय है कि बीडब्ल्यूएफ रैंकिंग में शीर्ष 10 से बाहर होने के बाद यह सिंधु का दूसरा मुकाबला था। उन्होंने स्पैनिश मास्टर्स के पहले चरण में स्विट्ज़रलैंड की जेंजीरा स्टैडलमैन को शिकस्त दी थी। सिंधू ने टखने की चोट से उभरने के बाद 2023 में स्पेन मास्टर्स समेत पांच टूर्नामेंट खेले हैं जिसमें वह सिर्फ दो बार ही शीर्ष-16 में पहुंच सकी हैं।

सिंधु और किदांबी के अलावा भारत के सभी शटलरों को दूसरे दौर में हार का सामना करना पड़ा। किरण जॉर्ज, प्रियांशु राजावत और समीर वर्मा पुरुष एकल के दूसरे दौर में हारकर टूर्नामेंट से बाहर हो गए, जबकि ध्रुव कपिला और अर्जुन एमआर को पुरुष युगल के प्री-क्वार्टरफाइनल में हार का सामना करना पड़ा।

जॉर्ज डेनमार्क के मैग्नस जोहानसन से 31 मिनट में 17-21, 12-21 से हार गए, वहीं प्रियांशु को फ्रांस के आठवीं वरीयता प्राप्त टोमा जूनियर पोपोव ने 14-21, 15-21 से मात दी। समीर को जापान के दूसरी सीड कांता सुनेयामा से 15-21, 14-21 से हार का सामना करना पड़ा।

जापान के शुंतारू मेज़ाकी और हरुया मिशिदा ने ध्रुव-अर्जुन को 36 मिनट में 21-16, 22-20 से हराकर पुरुष युगल प्रतियोगिता में भारतीय चुनौती समाप्त कर दी। जापान की रुई हिरोकामी और केटो युना ने सिक्की रेड्डी और आरती सारा सुनील को 21-12, 21-13 से हराकर महिला युगल में भारत का सफर खत्म किया। महिला एकल में अश्मिता चालिहा सिंगापुर की येओ जिया मिन से 15-21, 15-21 से हार गईं, जबकि मालविका बंसोड़ ने शीर्ष वरीयता प्राप्त कैरोलिना मारिन को वाकओवर दिया।

आईपीएल में पंत और बुमराह के रिप्लेसमेंट घोषित

दिल्ली कैपिटल्स ने अभिषेक पोरेल, मुंबई इंडियंस ने संदीप वॉरियर को किया शामिल

नई दिल्ली, 31 मार्च। दिल्ली कैपिटल्स ने चोटिल ऋषभ पंत की जगह पर अभिषेक पोरेल और मुंबई इंडियंस ने जसप्रीत बुमराह की जगह संदीप वारियर को टीम में शामिल किया है। दिल्ली ने 20 साल के विकेटकीपर पोरेल को शामिल किया है। पोरेल ने हाल ही में अपना घरेलू करियर शुरू किया है। पोरेल 20 लाख रुपये में दिल्ली कैपिटल्स में शामिल हो गए हैं। वहीं मुंबई ने संदीप वारियर को 50 लाख रुपये में टीम में जगह दी है।

ऋषभ पंत पिछले साल कार दुर्घटना का शिकार हो गए थे जिसकी वजह से उन्हें के इस सीजन से बाहर होना पड़ा था। वहीं

जसप्रीत बुमराह भी 2023 में अपनी टीम का हिस्सा नहीं हैं। उन्हें बैक इंजरी है।

पोरेल को असली पहचान पिछले रणजी ट्रॉफी में मिली। रणजी ट्रॉफी में उन्होंने कुछ अर्धशतक लगाए है। हालांकि विकेटकीपिंग में उन्होंने खासा प्रभावित किया। पोरेल ने अभी तक सिर्फ 3 टी20 मैच खेले हैं, जिसमें 22 गेंदों में कुल 22 रन बनाए हैं। वहीं 16 फर्स्ट क्लास मैचों में 6 अर्धशतक समेत 695 रन बनाए हैं। पोरेल ने 58 कैच और 8 स्टंपिंग की हैं।

भारत के लिए खेल चुके संदीप वारियर ने अब तक 68 टी20 खेले हैं और 62 विकेट लिए हैं। वह पहले कोलकाता नाइट राइडर्स और रॉयल चैलेंजर्स बैंगलोर का हिस्सा थे, जिन्होंने 5 आईपीएल मैच खेले थे। जिसमें दो विकेट वे निकाल चुके हैं। आईपीएल 2021 में उन्होंने दिल्ली के खिलाफ शारजाह में अपना आखिरी मैच दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ खेला था।

राहुल के नेतृत्व में खेलना पसंद करेगी सुपर जायंट्स : फ्लावर

लखनऊ, 31 मार्च। लखनऊ सुपर जायंट्स के कोच एंडी फ्लावर ने कहा कि आईपीएल के मौजूदा सत्र में उनकी टीम केएल राहुल के नेतृत्व में खेलना पसंद करेगी और एक सधी हुयी रणनीति के साथ मैदान पर उतरेगी। मैच की पूर्व संध्या पर एक प्रेस कांफ्रेंस में फ्लावर ने कहा कि केएल राहुल एक बेहतरीन खिलाड़ी और कप्तान है। टीम उनके नेतृत्व में पूरा टूर्नामेंट खेलना पसंद करेगी और अंतिम एकादश में भी फेरबदल से बचने का प्रयास करेगी। चोट से ग्रसित तेज गेंदबाज मोहसिन खान के मौजूदा सत्र में भविष्य को लेकर पूछे गये सवाल पर उन्होने कहा कि पिछले सत्र में उनका प्रदर्शन शानदार रहा था। हम चाहेंगे कि वह जल्द स्वस्थ हों। हम उनके सत्र के दौरान जुड़ने को लेकर आशान्वित हैं। शनिवार को सुपर जायंट्स दिल्ली कैपिटल्स के खिलाफ अपने अभियान की शुरूआत करेगा। इस बारे में पूछे गये एक सवाल पर उन्होने कहा कि दिल्ली कैपिटल्स की टीम संतुलित है और उसमें कई बेहतरीन खिलाडी है। हम अपना बेहतर खेल खेलने के लिये मैदान पर उतरेंगे। हमारा काम सिर्फ अच्छा खेल मैदान पर खेलना है। आईपीएल का हिस्सा होने को लेकर अपना अनुभव साझा करते हुये उन्होने कहा कि यह एक सुखद अहसास है। लीग के कारण पूरे देश में घूमने का मौका मिलता है। महिला आईपीएल के उज्जवल भविष्य की कामना करते हुये उन्होने कहा कि महिला क्रिकेट तरक्की कर रहा है। खिलाड़ियों को अपना हुनर दिखाने का इससे बेहतर प्लेटफार्म कोई नहीं हो सकता।

मार्करम की अनुपस्थिति में भुवनेश्वर करेंगे सनराइजर्स की कप्तानी

हैदराबाद, 30 मार्च। नामित कप्तान एडेन मार्करम की अनुपस्थिति में दो अप्रैल को राजस्थान रॉयल्स के खिलाफ होने वाले मुकाबले में सनराइजर्स हैदराबाद की कमान भुवनेश्वर कुमार के हाथों में होगी। फ्रेंचाइजी ने गुरुवार को इसकी पुष्टि की। मार्करम नीदरलैंड के खिलाफ दो मैचों की एकदिवसीय शृंखला के लिये दक्षिण अफ्रीका में हैं और तीन अप्रैल को भारत पहुंचेंगे। इस साल के अंत में भारत में खेले जाने वाले एकदिवसीय विश्व कप में क्वालीफाई करने के लिये दक्षिण अफ्रीका को नीदरलैंड के विरुद्ध सीरीज जीतना जरूरी है।

सनराइजर्स ने उन सात मैचों में से दो में जीत हासिल की थी। पिछले साल आईपीएल तालिका में आठवें स्थान पर रहने के बाद सनराइजर्स ने इस सीज़न से पहले महत्वपूर्ण बदलाव करते हुए टीम की बागडोर तत्कालीन कप्तान केन विलियम्सन से लेकर मार्करम को सौंपने फैसला लिया। मार्करम ने हाल ही में दक्षिण अफ्रीका की लीग एसए20 में सनराइजर्स ईस्टर्न केप को खिताब दिलाया, जहां वह टूर्नामेंट के तीसरे सबसे ज्यादा रन बनाने वाले बल्लेबाज भी रहे।

खिलाड़ियों का फैशन कई बार बदला, हेयर स्टाइल-टेटू ने चर्चाएं बटोरी

क्रिकेटर्स का बीयर्ड लुक फॉलो करते हैं फैंस

नई दिल्ली, 31 मार्च। क्रिकेट खिलाड़ियों की स्टाइल और लुक पर युवाओं की हमेशा से नजर रहती है। इसीलिए ये खिलाड़ी समय-समय पर अपने लुक और स्टाइल को चेंज करते रहते हैं। पिछले दो दशकों से खासकर आने के बाद क्रिकेट में लुक और स्टाइल काफी बदला है। लीग में कई क्रिकेटर अपने फैशन के लिए चर्चा में रहे। आगे स्टोरी में हम ऐसे ही कुछ प्लेयर्स के बारे में जानेंगे, जिन्होंने में फैशन की वजह से पहचान बनाई। साथ ही टूर्नामेंट इतिहास में अब तक खिलाड़ियों के फैशन में कितना बदलाव आया, इसे भी जानेंगे।

मैदान पर सभी खिलाड़ी अपने आप को दिलचस्प बनाने की कोशिश हमेशा करते हैं। पहले खिलाड़ी सिर्फ अपना खेल अच्छा रखते थे, अब के खिलाड़ी अपने खेल के साथ-साथ लुक पर भी ध्यान देते हैं। बात जब क्रिकेटर्स के लुक की आती है तो सबसे पहले उनके लुक में बीयर्ड शामिल होती है। अगर बात करें पूर्व क्रिकेटरों की तो वो क्लीन शेव लुक में ज्यादा रहते थे।

चाहे टीम इंडिया या विदेशी क्रिकेटर की बात करें, सभी को क्लीन शेव लुक में देखा जा सकता है। अगर 1983 वर्ल्ड कप में टीम इंडिया की बात करें तो उसमें ज्यादातर खिलाड़ी क्लीन शेव वाले ही थे। लेकिन आजकल बीयर्ड लुक का क्रेज है। टीम इंडिया या बाहर के देशों की बात करें तो मौजूदा खिलाड़ी बड़ी-बड़ी बीयर्ड के साथ मैदान पर खेलते नजर आते हैं। जिनमें विराट कोहली का बीयर्ड लुक हमेशा चर्चा में रहता है। भारतीय क्रिकेटर ऋषभ पंत और श्रेयस अय्यर भी अब बीयर्ड रखने लगे हैं। वहीं बीयर्ड के साथ रवींद्र जडेजा भी हैंडसम दिखते हैं। विदेशी क्रिकेटर्स में केन विलियमसन, बेन स्टोक्स और जो रूट भी बीयर्ड लुक में नजर आते हैं। पहले की तुलना में अब क्रिकेटर्स हेयर स्टाइल पर ज्यादा ध्यान देते हैं। एमएस धोनी जो हेमशा अपने लंबे बालों के लिए याद किए जाएंगे। भारतीय टीम के पूर्व कप्तान और दिग्गज बल्लेबाज विराट कोहली को दुनिया के सबसे हैंडसम क्रिकेटर्स में से एक माना जाता है। विराट अपने हेयर स्टाइल के लिए हमेशा चर्चाओं में रहते हैं।

टीम इंडिया के हरफनमौला खिलाड़ी हार्दिक पंड्या खेल से ज्यादा अपने स्टाइल के लिए भी चर्चाओं में रहते हैं। हार्दिक अपने बालों को ज्यादातर छोटा रखना पसंद करते हैं। रवींद्र जडेजा के लंबे और घूंघराले बाल काफी समय से फैंस द्वारा फॉलो किए जाते रहे हैं। श्रेयस अय्यर अपने हेयर स्टाइल के साथ कई बार एक्सपेरिमेंट कर चुके हैं। कुछ समय पहले उन्होंने अपने बालों को ग्रे कलर किया था। कभी फ्रेकिंग हेयर स्टाइल तो कभी शॉर्ट हेयर भी उनके ऊपर खूब जंचते हैं।

शरीर पर टैटू बनवाने की परंपरा काफी पुरानी है, जिसने आज फैशन का रूप ले लिया है। फुटबॉलर इसके शौकीन माने जाते रहे हैं और अब यह प्रचलन क्रिकेटरों में भी दिखने लगा है। क्रिकेट में टैटू को लेकर सबसे पहला नाम ऑस्ट्रेलियाई तेज गेंदबाज मिचेल जॉनसन का आता है। जिन्होंने अपने पूरे दाएं हाथ पर टैटू बनवा रखा है। स्टार बल्लेबाज विराट कोहली ने अपने बाएं हाथ के ऊपरी हिस्से में टैटू बनवा रखा है।

टैटू को लेकर स्टाइलिश सलामी बल्लेबाज शिखर धवन का प्यार किसी से छिपा नहीं है। 15 साल की उम्र में पहला टैटू बनवाने वाले धवन के शरीर पर 4 टैटू हैं। स्टाइल के मामले में यूनिवर्स बॉस क्रिस गेल किसी तरह का समझौता नहीं करते। गेल ने अपनी छाती पर शेर का टैटू गुदवाया है, जिस पर पंख भी लगे हुए हैं।

भारतीय क्रिकेटर केएल राहुल भी टैटू के मामले में पीछे नहीं हैं। राहुल के दोनों ही हाथों पर टैटू देखे जा सकता हैं। वहीं गुजरात टाइंट्स के कप्तान हार्दिक पंड्या ने अपने गले में पीस (शांति) सिम्बल का टैटू बनवा रखा है। क्रिकेट के मैदान पर आज के समय में ज्वेलरी पहनने का भी फैशन बढ़ा है।

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक, उत्तर पश्चिम रेलवे बीकानेर भारत के राष्ट्रपति की ओर से इच्छुक ठेकेदारों से निम्न लिखित कार्य के लिए दर्शायी गयी तिथि में सील की गई खुली निविदा आमंत्रित करते है। **निविदा संख्या : एस.एण्ड.टी-बी.के.एन-ईटी- 254, कार्य का नाम व स्थान : अमृत भारत स्टेशन स्कीम के तहत बीकानेर मंडल के चूरु, रतनगढ़ और लालगढ स्टेशनों पर दिव्यांगजन और अन्य यात्री सुविधाओं की सुविधा के लिए न्यूनतम आवश्यक सुविधाओं का प्रावधान एवं दूरसंचार सूचना प्रणाली के विस्तार के साथ सॉफ्ट अपग्रेडेशन और FOB का कार्य। अनुमानित लागत मूल्य रु. :** 32863638.76, **बिड सिक्यूरिटी राशि (रुपये में) :** 314300.00, **निविदा प्रस्तुत करने की तिथि व समय :** 20.04.2023 को 15.00 बजे तक, **वेबसाइट जहाँ निविदा का पूरा विवरण देखा व डाउनलोड किया जा सकता है। : www.ireps.gov.in** 321-SN/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G20

खुली ई-निविदा सूचना

मंडल रेल प्रबंधक/सं.एवंदू.सं., उ.प. रेलवे जयपुर द्वारा भारत के राष्ट्रपति के लिए एवं उनकी ओर से निम्नलिखित कार्य के लिए खुली ई-निविदा का ऑनलाइन ई-टेण्डर आमंत्रित किया जाता है। **ई-टेण्डर नोटिस नं. एसएनटी-जेपी-20R-2022-23,** दिनांक 29.03.2023, **कार्य का नाम व लोकेशन : "डेटालॉगर प्रबंधन केंन्द्र का विस्तार और जयपुर-सवाईमाधोपुर (9 स्टेशन) और फुलेरा-रेवाडी-लाडपुरा (32 स्टेशन) और बाँदीकुई-रेवाड़ी (1 स्टेशन) सेक्शन के डेटालॉगर प्रबंधन केंन्द्र कर अपर्याप्त क्षमता के प्रतिस्थापन के साथ प्वाइंट के रिवर्सल के संचालन के गैर संचालन के मामले में सुरक्षा अलार्म उत्पादन का प्रावधान।", अनुमानित लागत :** 2,19,83,864.34/-, **धरोहर राशि :** रुपये 259900.00/-, **वेबसाइट पर टेण्डर भरने की अंतिम तिथि और समय :** 21.04.2023 को 15.00 बजे तक, **वेबसाइट का विवरण और नोटिसबोर्ड की लोकेशन : www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। नोटिस बोर्ड लोकेशन मं.रे.प्र. कार्यालय पावर हाउस रोड़ जयपुर। **326-SN/23**

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G20 **विज्ञापन सूचना**

वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिये मुख्य चिकित्सा अधीक्षक जयपुर द्वारा जयपुर मण्डल के रेलवे अस्पतालों के लिए खुदरा औषधि विक्रेताओं के निम्न कार्य के लिये सीलबन्द आवेदन निर्धारित शर्तों पर आमन्त्रित किये जाते है।

कार्य का विवरण एवं अवधि	उत्तर पश्चिम रेलवे के जयपुर मण्डल के रेलवे अस्पतालों के लिये प्रतिदिन औषधियों की खरीद हेतु खुदरा औषधि विक्रेताओ को निर्धारित शर्तों एवं नियमो के अनुसार वर्ष 2023-24 एवं 2024-25 के लिए पंजीकृत करना।
कार्य की अवधि वर्षों में	02
अनुमानित कुल लागत	लगभग 70 लाख जो की पेनलों में आनुपातिक रुप से बांटी जाएगी।
आवेदन जमा करने की तिथि एवं समय	दिनांक 27.04.2023 को 13.00 बजे तक
निविदा खुलने की तिथि	दिनांक 02.05.2023 को मुख्य चिकित्सा अधीक्षक कार्यालय जयपुर में

आवेदन प्रपत्र उत्तर पश्चिम रेलवे की वेबसाइट से डाउनलोड किये जा सकते हैं एवं संबंधित जयपुर मण्डल के रेलवे अस्पतालों के कार्यालयों से किसी भी कार्य दिवस को प्राप्त किये जा सकते है। **भरे गये निविदा फार्म निर्धारित अंतिम तिथी व समय तक संबंधित जयपुर मण्डल के रेलवे अस्पतालों के कार्यालयों के ड्रॉप बॉक्स मे डालने है।** 320-SN/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

उत्तर पश्चिम रेलवे G20 **सामग्री आपूर्ति हेतु निविदा सूचना** मण्डार विभाग

ई-प्रोक्योरमेंट के द्वारा

निविदा सूचना संख्या एस/2023/11 दिनांक : 31.03.2023

भारत के राष्ट्रपति की ओर से प्रमुख मुख्य सामग्री प्रबन्धक, तृतीय तल, उ.प.रेलवे प्रधान कार्यालय, जवाहर सर्किल के पास, मालवीय नगर जयपुर-302017 निम्नलिखित मदों हेतु मोहरबंद खुली ई-निविदायें **www.ireps.gov.in** में सभी खुली ई-निविदायें 14.25 बजे बंद कर दी जायेगी।

क्र. सं.	निविदा सं.	अल्प विवरण	मात्रा	यूनिट	खुलने की तिथि
1	60225106	अर्थरोस्कोपी सिस्टम विद आल स्टैंडर्ड एसेसरीज विद 5 ईयर सी ए एम सी	01	सैट	17.04.2023
2	40221543ए	इलेक्ट्रॉनिक रेक्टिफिएर कम रेगुलेटर यूनिट (इ आर आर यू) ऑफ25 के डब्लू	31	नग	17.04.2023
3	50235042	सप्लाई ऑफ 1.4 एम एम डाया कॉपर कंडक्टर 6 कुआड़ केबल	165	कि.मी.	18.04.2023
4	40231274	लीड एसिड डीजल लोकोमोटिव स्टार्टर बैटरीज ऑफ 24वी/290	50	सेट	19.04.2023
5	50225554ए	रनिंग कॉन्ट्रैक्ट फॉर पी वी सी इंसुलेटेड अंडरग्राउंड-अन्सक्रीनेड अमैरिड रेलवे सिगनलिंग केबल कॉपर	2854	कि.मी.	20.04.2023
6	82233024	(1) सकबीटरिल 49एमजी. विद वाल्सर्टन 51 एमजी. टेबलेट/कैप्सूल (2) सकबीट-रिल 24एमजी+वाल्सर्टन 26एमजी टेबलेट (3) सकबीटरिल 97एमजी. विद वाल्सर्टन 103एमजी. टेबलेट/कैप्सूल	238360	नग	25.04.2023
7	37233044	यॅाक टू आरडीएसओ ड्रॉइंग नंबर एसके-62724 एएलटी-28, आइटम-3	1010	नग	25.04.2023
8	37233043	नकल टू आरडीएसओ ड्रॉइंग नंबर एसके-62724 एएलटी-28, आइटम-2	5606	नग	02.05.2023

संशोधन

	निविदा संख्या	निविदा सूचना संख्या	अल्प विवरण	एग्जिस्टिंग विवरण	रिवाइज्ड विवरण
1	81230011ए	एस/2023/09 दिनांक 13.03.2023	सिलिकॉन हार्ड कोटेड पोली-कार्बोनेटेड सीट 1250 एम एम * 2500 एम एम *6 एम एम फॉर विंडो गिलास	27.03.2023	10.04.2023
2	37231873	एस/2023/08 दिनांक 28.02.2023	साइड फ्रेम फ्रिक्शन लाइनर फॉर कसनूब 22 डब्लू कसनूब डब्लू (एम), नएल, नएलबी बोगी टू आरडीएसओ ड्राइंग नंबर एसके-69594 एएलटी-37, आइटम-7, मल्ट & स्पेस. एज पर ड्राइंग	21.03.2023	11.04.2023

(1)इच्छुक निविदाकर्ता हमारी बेवसाईट **ireps.gov.in** पर सामग्री का पूरा विवरण/ स्पेसिफिकेसन /बयाना राशि/निविदा फार्म का मूल्य और अन्य जानकारी देख सकते है। सभी निविदाकर्ताओं से निवेदन है कि अपने डिजिटल हस्ताक्षर प्राप्त करें तथा अपनी फर्म को उक्त साइट पर रजिस्ट्रर्ड करे। (2) 25 लाख से नीचे के विज्ञापित निविदा, सीमित निविदा, विशेष सीमित निविदा एवं कम मूल्य की निविदा में भाग लेने के लिए हमारी वेबसाईट **ireps.gov.in** पर जायें। 329-SN/23

हमें /NWRailways NWRailways_ पर फॉलो करें

जयपुर में लगातार दूसरे दिन भी तेज बारिश हुई। बेमौसम की यह बारिश किसानों के लिए किसी बड़े सितम से कम नहीं है। सीकर रोड पर स्थित कुकरखेड़ा अनाज मंडी की यह तस्वीर अपने आप यह हाल बयां कर रही है। जौ की फसल बेचने मंडी आये किसानों की मेहनत पर अंतिम क्षणों में बारिश ने पानी फेर दिया। मंडी में जगह नहीं मिलने के कारण किसानों को जौ की बोरियां खुले में ही रखनी पड़ीं। अपनी बारी आने और खरीददार मिलने का इंतजार कर रहे किसानों की जौ की बोरियां शुक्रवार को आई तेज बारिश में पूरी तरह से भीग गईं। फसल का सही भाव मिल सके इसके लिए कई किसानों ने सैम्पल के तौर पर काफी सारी जौ खुले में फैला रखी थी, लेकिन ऐन मौके पर आई बारिश ने उनकी महीनों की मेहनत को पूरा चौपट कर दिया। प्रदेश के किसानों के लिए 15 मार्च के बाद का समय बहुत विकट गुज़रा है, पहले ओलों व आंधी ने खड़ी फसलों को खेतों में ही नुकसान पहुँचा दिया और अब लगातार हो रही बारिश ने रही-सही कसर को भी पूरा कर दिया है।

नई विदेश व्यापार नीति घोषित, रूपये में ही कारोबार पर पूरा जोर रहेगा

भारतीय निर्यातकों को कोई सामान देश में लाए बगैर उसको तीसरे देश में निर्यात की छूट रहेगी, पूरे देश में डाक निर्यात केन्द्र खोले जायेंगे

नई दिल्ली, 31 मार्च (वार्ता) माल एवं सेवाओं का निर्यात 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंचाने तथा रुपये में वैश्विक व्यापार को प्रोत्साहित करने जैसे महत्वाकांक्षी लक्ष्यों तथा वैश्विक बाजार की अनिश्चितताओं के दौर में नीतिगत निश्चितता, स्थिरता तथा लचीलेपन के रणनीतिक उद्देश्यों के साथ सरकार ने शुक्रवार को 'आज़ादी के अमृतकाल' की पहली 'विदेश व्यापार नीति' (एफटीपी) पेश की।परंपरा से हट कर नई एफटीपी-2023 में कोई 'सनसेट उपबंध'(पटाक्षेप की तिथि) नहीं रखी गयी है।

- **सरकार ने माल एवं सेवाओं का निर्यात 2030 तक दो लाख करोड़ डॉलर के स्तर पर पहुंचाने का लक्ष्य तय किया है।**

विदेश व्यापार नीति के मुख्य बिंदु-

1-नई व्यापार नीति में सनसेट क्लाज (पटाक्षेप) तिथि नहीं है।

2-वाणिज्य मंत्रालय का भविष्य की उभरती अवश्यकताओं के अनुसार पुनर्गठन।

3-ई-कामर्स निर्यात को विदेश व्यापार नीति के भी लाभों का पात्र बनाया गया। वेयर-हाउसिंग सुविधा के साथ ई-कामर्श निर्यात केंद्रों को प्रोत्साहन। वहां लेबलिंग, प्रोसेसिंग जांच और पैकिंग भी होगी।

4- पूरे देश में 'डाक निर्यात केंद्र' खोले जाएंगे।

5- कोई सामान देश में लाए बगैर उसको तीसरे देश में निर्यात की छूट। इसके लिए भारतीय निर्यातकों को रिजर्व बैंक के दिशानिर्देशों का पालन करने और कुछ अन्य शर्तों के साथ दूसरे देश से खरीदे माल को बाहर ही बाहर तीसरे देश में निर्यात करने की छूट से भारतीय निर्यातकों को गेहूं जैसी इस समय प्रतिबंधित जिंसों के निर्यात का अपना बाजार बनाए रखने की सुविधा होगी।

6- वैश्विक व्यापार में रुपये के प्रयोग को प्रोत्साहन देकर रुपए को वैश्विक स्तर पर स्वीकार मुद्रा बनाने का लक्ष्य। विदेशी विनियम संकट में फंसे देशों के साथ रुपये में व्यापार को प्रोत्साहन दे कर भारत के निर्यात बाजार के संरक्षण और संकटग्रस्त देश की मुश्किल में मदद की पहल।

7-वाराणसी , मिर्जापुर , मुरादाबाद और फरीदाबाद को निर्यात उत्कृष्टता वाले कस्बों (टीईई) की सूची में जगह। टीईई में साझा सेवा प्रदाताओं (सीएसपी) को ईपीसीजी योजना का लाभ।

8-बाजारों में प्रवेश की पहल (एमएआई) योजना का विस्तार। 9-राज्यों और जिलों को निर्यात संवर्धन में भागीदार बनाने लिए जिलों को निर्यात का केंद्र बनाने, जागरूकता बढ़ाने राज्य एवं जिला स्तर पर निर्यात संवर्धन समितियां बनाने की नीति। जिला स्तर पर क्षमता विस्तार किया जाएगा।

स्मॉल सेविंग...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

अप्रैल से 30 जून तक की तिमाही के लिए लघु बचत योजनाओं पर ब्याज की नई दरें जारी कर दी गयी है।

पिकअप-टैंकर की टक्कर में भाई-बहन समेत 5 की मौत

- **मृतकों में तीन बच्चे हैं तथा दो बालिकाएं गंभीर रूप से घायल हैं।**
- **पिकअप में एक ही परिवार के लोग थे और सभी खरीददारी खरीदने गए थे।**

जोधपुर, 31 मार्च (कासं)। जोधपुर-बीकानेर नेशनल हाईवे पर पिकअप-टैंकर की आमने-सामने की टक्कर में भाई-बहन समेत 5 लोगों की मौत हो गई। इसमें 2 बच्चियां भी घायल हुई हैं। हादसा फलौदी में दोपहर 3 बजे हुआ। पिकअप सवार एक ही परिवार के है और घर में आने वाली नई बहू के लिए कपड़े खरीदने गए थे।

पुलिस ने बताया कि बाप में जांबा गांव के लोग कपड़े खरीदने फलौदी गए थे। खरीदारी कर लौटते समय हादसा हुआ। टक्कर इतनी भीषण थी कि पिकअप बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई और टैंकर के आगे के टायर निकल कर बाहर आ गए। हादसे के बाद टैंकर ड्राइवर मौके से फरार हो गया।

हादसे में पिकअप ड्राइवर पर्वत पुत्र जियाराम, उर्मिला (38) पत्नी हरीराम, विकास (20) पुत्र सुभाष, प्रवीण (12) पुत्र ओमप्रकाश और रवीना (12) पुत्री ओमप्रकाश की मौके पर ही मौत हो गई।

घायल अर्पिता (15) पुत्री हरीराम विश्नोई और ईसानी (12) पुत्र श्याम लाल को फलौदी जिला अस्पताल पहुंचाया गया, जहां से अर्पिता को जोधपुर रैफर कर दिया गया।

जानकारी के अनुसार सहीराम विश्नोई के बेटे रमेश का मुकलावा था। शुक्रवार सुबह परिवार मुकलावा करने के लिए बीकानेर चला गया था। रमेश की चाची उर्मिला ने नई बहू के स्वागत के लिए खरीदारी के लिए कहा। इस पर 4 लोग उर्मिला, ड्राइवर पर्वत और विकास और ईसानी फलौदी गए थे। वापसी में ओमप्रकाश के बेटे-बेटी और भांजे को पिकअप में बैठा लिया। हादसे में तीनों बच्चों की मौत हो गई।

हादसे में मरने वाले रवीना और प्रवीण भाई-बहन है। हादसे के बाद घर में कोहराम मच गया।

'बम ब्लास्ट ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

गहलोत के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि "कांग्रेस पार्टी ने हमेशा बांटने की राजनीति की है, वर्ष 1984 में सिख भाई-बहनों का नरसंहार कांग्रेस के शासन में हुआ, आतंकवादियों को प्रश्रय व सरंक्षण कांग्रेस सरकार के समय दिया गया। शांति प्रिय राजस्थान में साढ़े चार वर्ष से सौहार्द बिगाड़ने वाले लोगों को सरकार संरक्षण मिला हुआ है, कांग्रेस सरकार के खत्म होते जनाधार के कारण मुख्यमंत्री गहलोत कभी तुष्टिकरण की राजनीति करते है, तो कभी खालिस्तान की बात करते हैं।"

सी.पी. जोशी ने कहा कि मुख्यमंत्री गहलोत वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में 156 सीट जीतने की बात करते हैं, जबकि गहलोत के दो बार के कार्यकाल में कांग्रेस विधानसभा की 21 और 56 सीटें ही जीत पाई और प्रदेश के आज के हालात देखकर लगता है कि अबकी बार 21 सीट भी नहीं जीत पाएगी। वर्ष 2018 के विधानसभा चुनाव में कांग्रेस ने जनता से कई वादे किए थे, जिनमें किसानों से ऋण माफी, बेरोजगारों को बेरोजगारी भत्ता, संविदाकर्मियों के नियमितिकरण, कानून व्यवस्था सहित अपराध को रोकने एवं महिला सुरक्षा के वादे शामिल थे, लेकिन राज्य की गहलोत सरकार ने ये वादे पूरे नहीं किए। राजस्थान की जनता कांग्रेस सरकार को वर्ष 2023 के विधानसभा चुनाव में जवाब देगी, भाजपा को प्रचंड जनादेश मिलेगा।

कोलंबिया से भारत आयेंगे 60 हिप्पो

नामीबिया से आये चीतों के सफल पुनर्वास से उत्साहित होकर सरकार ने यह फैसला किया है

नई दिल्ली, 31 मार्च। मध्यप्रदेश के कूनो अभ्यारण्य में अफ्रीका से चीतों के आने के बाद अब कोलंबिया से 70 हिप्पो भारत लाए जाएंगे। इन हिप्पो की संख्या इतनी ज्यादा हो गई है कि इन्हें दूसरे देशों में भेजा जा रहा है। इसी के तहत एक बड़ी संख्या यानी 70 कोकीन हिप्पो को भारत लाया जाएगा और एक अभ्यारण्य में रखा जाएगा। मीडिया रिपोर्ट्स के अनुसार 70 'कोकीन हिप्पो' को स्थानांतरित करने की योजना है। इनमें से 60 भारत लाए जाएंगे। दरअसल, ये हिप्पो ड्रग स्मगलर पाब्लो एस्कोबार के प्राइवेट चिड़ियाघर में रहे जानवरों के वंशज हैं। इसी कारण से इन्हें कोकीन हिप्पो कहा जाता है। इन्हें स्थानांतरित करने में 35 लाख डॉलर का खर्च आएगा। यह योजना कोलंबियाई कृषि संस्थान, कोलंबिया वायु सेना और मैक्सिको में ओस्टोक अभ्यारण्य समेत विभिन्न संस्थान के साथ स्थानीय एंटीऑक्विया सरकार की ओर से किए गए समझौते का हिस्सा है। अभ्यारण्य 10 दरियाई घोड़ों को ले जाएगा। जबकि शेष 60 को भारत के एक अभ्यारण्य में लाया जाएगा।

पाब्लो एस्कोबार के इलाकों से होते हुए ये जानवर खेत में दूर तक फैल चुके हैं। अधिकारियों की ओर से इनकी आबादी कंट्रोल करने के लिए तरह.तरह के उपाय अपनाए गए, लेकिन इसके बावजूद भी इनकी संख्या 130 से 160 हो गई है। मूल हिप्पो विदेशी जानवरों के चिड़ियाघर का हिस्सा थे। जिसे पाब्लो एस्कोबार ने 1980 के दशक में बनाया था। 1993 में उसकी मौत के बाद ज्यादातर जानवरों को अधिकारियों ने स्थानांतरित कर दिया, लेकिन परिवहन की कठिनाई के कारण उन्होंने हिप्पो को नहीं हटाया।

तभी से इन हिप्पो ने तेजी से प्रजनन किया। स्थानीय मैग्डेलेना नदी के बेसिन के साथ उन्होंने अपना विस्तार किया। देखते ही देखते हिप्पो स्थानीय लोगों और अधिकारियों के लिए एक पर्यावरणीय चुनौती बन गए। 10 हिप्पो मैक्सिको में भेजे जाएंगे।

'प्र.मंत्री का ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

कि क्या देश को यह जानने का अधिकार नहीं है कि उनके प्रधानमंत्री कितने शिक्षित हैं? कोर्ट में उनकी डिग्री दिखाए जाने का उन्होने जोरदार विरोध किया, क्यों? और डिग्री दिखाने को कहने वाले व्यक्ति पर जुर्माना लगाया? ये हो क्या रहा है। एक अनपढ़ या कम पढ़ा लिखा प्रधानमंत्री देश के लिए खतरनाक है!

वर्ष 2016 में आर.टी.आई. के तहत पूछे गए सवाल के लिए सैन्ट्रल इन्फॉर्मेशन ब्यूरो ने प्रधानमंत्री कार्यालय, गुजरात युनिवर्सिटी और दिल्ली युनिवर्सिटी को निर्देश दिया था कि प्रधानमंत्री मोदी की ग्रैजुएशन और पोस्ट ग्रैजुएशन डिग्री के बारे में जानकारी दें।

गुजरात युनिवर्सिटी ने इस आदेश को हाई कोर्ट में चुनौती दी थी। प्रधानमंत्री मोदी ने चुनाव दस्तावेजों में लिखा है कि उन्होने 1978 में गुजरात युनिवर्सिटी से ग्रैजुएशन किया था फिर 1983 दिल्ली युनिवर्सिटी से एम.ए. किया था। अगर कोई निर्वाचित प्रतिनिधि हलफनामे के जरिए कोई दावा करता है तो प्राकृतिक न्याय का सिद्धान्त मांग करता है कि ऐसे दावे को संस्थान, जहां से संबंधित दावा किया गया है, पारदर्शी प्रक्रिया से सत्यापित करे।

इस बार फिर...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

इस पर हमला हुआ।

ममता बनर्जी ने सुभेन्दु अधिकारी का नाम लिए बिना आरोप लगाया कि बंगाल के कई जगहों पर हुई हिंसा में अधिकारी का हाथ है। उन्होने कहा कि रामनवमी से ठीक पहले अधिकारी ने अमित शाह से मुलाकात की थी। सुभेन्दु अधिकारी तृणमूल के खिलाफ भाजपा के सब से सशक्त नेता हैं।

इसी बीच केन्द्रीय गृह मंत्री ने राज्य के राज्यपाल सी.वी. आनंद बोस से बात की और राज्य की कानून व्यवस्था पर जानकार मांगी। राज्यपाल एक-दो दिन में दंगाग्रस्त क्षेत्रों का दौरा कर सकते है। इसी बीच सोशल मीडिया में भी हरेक रामनवमी पर हिंसा होने को लेकर बहस छिड़ी हुई है।

ममता बनर्जी पश्चिम बंगाल के साथ केन्द्र के भेदभाव को लेकर धरना दे रही हैं। यह ऐसा मुद्दा है जिसे बंगाल की सत्तारूढ़ पार्टियों आधी सदी से भुना रही है पर अब यह मुद्दा बेअसर हो चुका है।

वाम मोर्चा सरकारें आए दिन इस मुद्दे पर धरना देती थीं और जब भी राज्य सरकार के खराब प्रदर्शन की बात उठती तब यह मुद्दा जोर शोर से उठाया जाता था।

वर्तमान में ममता बनर्जी की नीतियां व व्यवहार के कारण राज्य में कोई निवेश नहीं आ रहा है। युवा बेरोजगारी व अन्य राज्यों की ओर पलायन बहुत ज्यादा बढ़ गया है। अधिकांश घरों में सिर्फ बुजुर्ग बचे है क्योंकि युवा काम की तलाश में बाहर चले गए हैं।

राज्य के सरकारी कर्मचारी भी केन्द्र के समान डी.ए. मांग रहे हैं। राज्य में डी.ए. मात्र 4 प्रतिशत है जबकि केन्द्र में 42 प्रतिशत, इससे कर्मचारी नाराज है। उन्होने कहा कि ममता बनर्जी कलाकारों और खिलाड़ियों को मनमाने तरीके से पैसा बांटती है जबकि डी.ए. बढ़ाने के नाम पर पैसा नहीं होने की बात करती हैं।

गुरुवार को राज्य सरकार के कर्मचारियों ने कलकत्ता में धरना दिया जिन्हें ममता नें "भौंकने वाले कुत्ते" करार दिया जिस पर भारी बवाल मचा।

देखा जाना है कि राज्य की वित्तीय स्थिति बेहत दयनीय है बजट घाटा बहुत ज्यादा है ओवर ड्राफ्ट पहले ही सीमा पार कर चुका है।

अमेरिका में ट्रम्प व भारत...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

शुमर ने एक बयान में कहा कि ट्रम्प के अभियोजन में किसी प्रकार का प्रभावी राजनीतिक हस्तक्षेप नहीं होना चाहिए। उन्होंने ट्रम्प के समर्थकों और आलोचकों को इस बात के लिए प्रेरित किया कि प्रक्रिया को शांतिपूर्ण एवं कानून के अनुसार चलने देना चाहिए। सदन की पूर्व स्पीकर नैंसी पेलोसी ने ट्वीट कर कहा कि ट्रम्प के अभियोजन में ग्रैण्ड जूरी ने तथ्य एवं विधि सम्मत कार्रवाई की। उन्होंने कहा कि "कानून से ऊपर कोई नहीं है तथा स्वयं को निर्दोष साबित करने के लिए हर किसी के पास कानूनी सुनवाई का अधिकार है और उम्मीद है कि पूर्व राष्ट्रपति उस सिस्टम का शांतिपूर्ण ढंग से आदर करेंगे, जो उन्हें यह अधिकार प्रदान करता है।"

लूज़ियाना के हाउस रिपब्लिकन मैजोरिटी लीडर स्टीव स्कलाइज़ ने भी इस अभियोजन को अपमानजनक बताया। हाउस में सैकिण्ड रैंक के इस रिपब्लिकन ने गुरूवार को ट्वीट किया कि "पूर्व राष्ट्रपति डॉनल्ड ट्रम्प के विरूद्ध न्यूयॉर्क में अभियोजन इसका स्पष्ट उदाहरण है कि चरमपंथी डैमोक्रेट्स अपने राजनीतिक विरोधियों पर प्रहार करने के लिए सरकार को हथियार बना रहे हैं।"

ट्रम्प के सहयोगियों ने यह कहते हुए अभियोजन की भर्त्सना की कि यह पूर्व राष्ट्रपति को पुन: निर्वाचित होने से रोकने का एक प्रयास है। राष्ट्रपतियों का इतिहास लिखने वाले मैट डालैक ने कहा कि यह अभियोजन अमेरिका में लोकतंत्र का एक संक्रमण कालहै और इसमें समान न्याय के सिद्धांत का परीक्षण होगा और हाल ही के इतिहास में शायद ऐसा कोई केस नहीं है, लेकिन उन्होंने यह भी कहा कि "यह अभियोजन लोकतंत्र के लिए एक अच्छी खबर है और उथल-पुथल को भी परिलक्षित है, जो ट्रम्प ने हमारे सुशासन के सिस्टम के समक्ष प्रस्तुत की है। अत: बातें इसके पक्ष और विपक्ष दोनों को लेकर हैं।"

उन्होंने कहा कि "यह महत्वपूर्ण है क्योंकि वे शायद पहले अथवा पूर्व राष्ट्रपति हैं, जिन पर अभियोग चलाया जाएगा, लेकिन इससे यह एक मूल प्रश्न भी उठता है कि क्या उनकी सुनवाई निष्पक्ष की जाएगी? और क्या वह सुनवाई किसी प्रकार की हिंसा भड़कने के बिना आगे चलेगी? पर अमेरिका के द्विदलीय राजनीतिक सिस्टम के स्थायित्व और यहां कानून के शासन का एक टैस्ट भी होगा।"

भाजपा व कांग्रेस में स्पर्धा है कौन ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

होड़ मची है। कुमारास्वामी ने कहा कि पर वे स्वयं के बलबूते पर बहुमत लाने और सरकार बनाने के प्रयास में है। अगर त्रिशंकु जनादेश मिला और किसी पार्टी को बहुमत नहीं मिला, जैसा वर्ष 2018 में हुआ था, उन हालात को देखते हुए कुमारास्वामी का बयान महत्वपूर्ण है। जनता दल (एस) भाजपा व कांग्रेस दोनों के साथ सरकार बना चुकी है। जनवरी 2006 से पार्टी ने भाजपा के साथ सरकार बनाई थी, जो 20 माह चली थी फिर मई 2018 में कांग्रेस के साथ सरकार बनाई थी जो 14 माह चली थी जिसमें कुमारास्वामी मुख्यमंत्री थे।

कुमारा स्वामी ने कहा कि दोनों राष्ट्रीय पार्टियों के लोकल नेता मीडिया के सामने कहा, "मेरी पार्टी को कमतर बताते हैं और बाद में आकर मेरा दरवाजा खटखटाते हैं। सिद्धारमैया कहते हैं कि जद (एस) का भाजपा से समझौता है वही मुख्यमंत्री बासवराज बोम्मई कहते हैं कि जद (एस) का कांग्रेस से समझौता है अगर उन्होने जद (एस) से सम्पर्क साधने का प्रयास नहीं किया होता तो क्या वे ये सब कहते? वे मेरी पार्टी इस बार खत्म नहीं कर सकते। उन्होने कहा 15 साल फंसे रहने के बाद इस बार मैं जनता के सामने आया हूँ। जद (एस) का लक्ष्य 224 में से 123 सीटें जीतने और अपने दम पर सरकार बनाने का है।"

स्वास्थ्य का अधिकार विधेयक राजस्थान

विश्लेषण और आपत्तियां As Given to CM

1. महत्वपूर्ण अर्थ वाले सभी संज्ञाओं और शब्दों की उचित परिभाषाएं जो संदर्भित और अर्थ करती हैं, जैसे दुर्घटना, आपात स्थिति, आपातकालीन देखभाल, परिवहन और प्राथमिक उपचार इसमें शामिल होनी चाहिए।
2. इस बिल में प्रस्तावित अधिकार केवल राजस्थान राज्य के निवासियों के लिए होने चाहिए।
3. वित्तीय प्रावधानों के बिना निजी स्वास्थ्य संस्थानों में मुफ्त इलाज की बाध्यता हैं, निजी अस्पतालों पर मुफ्त स्वास्थ्य सेवाओं का बोझ नहीं डाला जा सकता है जो पहले से ही संकट में हैं और अस्तित्व के लिए संघर्ष कर रहे हैं। इसे सार्वजनिक और नामित अस्पतालों के लिए ही निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।
4. सभी निजी स्वास्थ्य संस्थानों में कर्मचारियों और उपलब्ध सुविधाओं के बिना व भुगतान के बिना सभी आपात स्थितियों का इलाज करने की बाध्यता नहीं होनी चाहिए।
5. दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुफ्त रेफरल परिवहन सुविधा की व्यवस्था सरकार द्वारा ही की जानी चाहिए।
6. दुर्घटना पीड़ितों के लिए मुफ्त इलाज के लिए सरकार द्वारा उचित शुल्क पुनर्भुगतान प्रक्रिया होनी चाहिए।
7. जिला स्वास्थ्य समिति में ग्राम प्रधान और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि होंगे, जो डॉक्टरों के खिलाफ पूर्वाग्रही और पक्षपाती हो सकते हैं, जो अंततः स्वास्थ्य सेवाओं को परेशान और बाधित कर सकते हैं। उन्हें प्राधिकरण में शामिल नहीं होना चाहिए।
8. डॉक्टरों और अस्पतालों के खिलाफ केवल एक ही शिकायत निवारण प्रणाली होनी चाहिए, सभी रोगियों को केवल इसका उपयोग करने के लिए बाध्य किया जाना चाहिए। राज्य एवं जिला स्वास्थ्य प्राधिकरण में डॉक्टर ही सदस्य हों, शिकायतों की जांच के लिए केवल विषय विशेषज्ञों को ही निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।
9. सभी प्राधिकरणों में निजी, सरकारी डॉक्टरों और इंडियन मेडिकल एसोसिएशन के पदाधिकारी या उनके प्रतिनिधि शामिल किए जाने चाहिए।
10. शिकायत निवारण में प्राधिकरण द्वारा अधिकृत किसी भी अधिकारी को किसी भवन या स्थान में प्रवेश करने, तलाशी लेने और जब्त करने का अधिकार नहीं होने चाहिए।
11. द्वेषपूर्ण और झूठी शिकायतों के लिए उचित संज्ञान और दंड के प्रावधानों को शामिल किया जाना चाहिए।
12. राज्य स्वास्थ्य प्राधिकरण या जिला स्वास्थ्य प्राधिकरण के फैसले के खिलाफ दीवानी अदालतों के अधिकार क्षेत्र को पूरी तरह से वर्जित करना असंवैधानिक प्रावधान, इसे हटाया जाना चाहिए।
13. मुफ्त दुर्घटना आपातकालीन उपचार और अन्य मुफ्त उपचार केवल सरकारी अस्पतालों और नामित अस्पतालों में ही निर्दिष्ट किए जाने चाहिए।
14. रोगियों के कर्तव्यों और जिम्मेदारियों को निर्दिष्ट किया जाना चाहिए।
15. डॉक्टरों और स्वास्थ्य देखभाल प्रदाताओं के अधिकार स्पष्ट रूप से सूचीबद्ध और आरक्षित होने चाहिए।
16. डॉक्टरों को सुरक्षा और उनके खिलाफ हिंसा की रोकथाम प्रदान की जानी चाहिए।
17. निजी अस्पतालों पर राज्य सरकार की स्वास्थ्य योजनाओं से जुड़ने की प्रत्यक्ष या अप्रत्यक्ष बाध्यता नहीं होनी चाहिए।
18. इस अधिनियम के लिए किसी भी प्रकार के नियम बनाते समय हितधारक डॉक्टरों से परामर्श किया जाना चाहिए और मसौदा तैयार करने में उनकी भागीदारी शामिल होनी चाहिए।
19. राज्य सरकार की सार्वजनिक स्वास्थ्य योजनाओं में तर्कहीन और अनुचित पैकेज दरें हैं इसलिए ठीक से गुणवत्तापूर्ण उपचार करना असंभव है, इनके सुधार के लिए प्रावधान और सुझावों के लिए हितधारक डॉक्टरों और अस्पतालों को कमेटी में शामिल और विनिर्दिष्ट किया जाना चाहिए।
20. राज्य में मजबूत गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य देखभाल और चिकित्सा पर्यटन के लिए निजी स्वास्थ्य सेवा प्रदाताओं और प्रतिष्ठानों को बढ़ावा देने के लिए प्रोत्साहन योजनाओं को शुरू करने और उचित उपाय करने के लिए सरकार द्वारा प्रावधान होने चाहिए।
21. प्रदेश की 70 प्रतिशत आबादी की सेवा करने वाले निजी स्वास्थ्य सुविधाओं को उद्योग का दर्जा दिया जाना चाहिए और इनके सुचारू संचालन के लिए कम लागत की बिजली आपूर्ति, 5 वर्ष में फायर एनओसी का नवीनीकरण, पुराने चल रहे अस्पताल भवनों को नियमित करने जैसी सुविधाएं दी जानी चाहिए।

हाई कोर्ट ने डॉक्टरों की हड़ताल को गैर कानूनी ...

(प्रथम पृष्ठ का शेष)

सरकारी अस्पताल आज भी कार्यरत हैं।

वहीं महाधिवक्ता, जो वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से अदालत से जुड़े थे, ने अदालत को कहा कि कुछ ही डॉक्टर और संस्थाएं इस पूरी हड़ताल को भड़का रहे हैं और यह लोग सरकारी डॉक्टरों को भड़काने में भी कामयाब हो रहे हैं। उन्होंने कहा कि राइट टू हैल्थ बिल डॉक्टरों की पूरी सहमति के बाद ही विधानसभा में पेश किया गया था। उन्होंने कहा कि कुछ लोग जिनके निहित स्वार्थ शामिल हैं, वह इन डॉक्टरों को भड़का रहे हैं, जबकि राज्य सरकार ने ही इन अस्पतालों को औने-पौने दामों पर या मुफ्त जमीन मुहैया कराई है और कई प्राइवेट अस्पताल तो सरकारी स्कीमों की वजह से ही चल रहे हैं। उन्होंने कहा कि अगर डॉक्टरों को बिल के किसी प्रावधान से परेशानी है तो वह उसे अदालत में चुनौती दे सकते हैं पर ऐसे हड़ताल करना गैर कानूनी है।

अदालत ने याचिकाकर्ताओं से पूछा कि उन्होंने किसी भी डॉक्टर या डॉक्टरों की संस्था से बातचीत की है कि वह हड़ताल पर क्यों उतरे हैं क्योंकि याचिका में डॉक्टरा हड़ताल क्यों कर रहे है, इस बारे में नहीं बताया गया है। अदालत ने कहा कि याचिकाकर्ता ने अखबारों की खबरों को आधार बनाकर याचिका दायर की है। अदालत इस बात से संतुष्ट नही थी कि प्राइवेट डॉक्टरों की हड़ताल को गैर कानूनी करार दिया जाये, बिना उनका पक्ष सुने। इसलिये अदालत ने इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के पैनल वकील अंगद मिर्धा को इस मामले में डॉक्टरों का पक्ष रखने के लिये नोटिस तलब किये हैं और महाधिवक्ता को आदेश दिये हैं कि वह डॉक्टरों और सरकार के बीच हुई बातचीत का पूरा ब्यौरा अदालत के समक्ष पेश करें।

बहस के दौरान यह भी कहा गया कि राइट टू हैल्थ बिल को स्थगित कर दिया जाये जब तक डॉक्टरों और सरकार के बीच समझौता नहीं हो जाता। यहां उल्लेखनीय है कि राइट टू हैल्थ बिल को विधानसभा में पारित कर दिया गया है परंतु इस पर राज्यपाल के हस्ताक्षर नहीं हुए हैं। इसलिये ये बिल अभी तक क्रियान्वित नहीं हुआ है।

उल्लेखनीय है कि 19 मार्च को, बिल के पारित होने से दो दिन पूर्व, आईएमए की जॉइन्ट एक्शन कमेटी के पांच सदस्य जिनमें डॉ.सुनील चुघ और डॉ.विजय कपूर शामिल थे, ने मुख्यमंत्री के निर्देश पर सरकारी अधिकारियों से बातचीत की थी। सूत्रों के अनुसार राज्य सरकार ने 21 बिन्दुओं पर सहमति जताई थी और आश्वासन दिया था कि वह इन बिन्दुओं को बिल में जोड़ेगी परंतु जब बिल का अंतिम प्रारूप विधानसभा के समक्ष पेश किया गया तब इनमें से कई बिन्दुओं पर सरकार ने ना तो जोड़ा था बल्कि कई बिन्दुओं पर तो विपरीत कार्य भी किया था।

उदाहरण के तौर पर (1) आइएमए की इस टीम को आश्वासन दिया गया था कि छोटी एवं निजी अस्पतालों पर मुफ्त इलाज का भार नहीं डाला जायेगा और केवल उन्हीं अस्पतालों पर यह भार डाला जायेगा जो इसका आर्थिक भार झेल सकेंगे। (2) दुर्घटना पीड़ितों को रैफरल अस्पताल पहुंचाने के लिये परिवहन सुविधा का भार सरकार को उठाना होगा। (3) दुर्घटना पीड़ितों के लिये मुफ्त इलाज के लिये उचित शुल्क पुनर्भरण व्यवस्था होनी चाहिये। (4) स्टेट लेवल और डिस्ट्रिक्ट लैवल समितियों में ग्राम प्रधान और अन्य स्थानीय प्रतिनिधि नहीं होने चाहिये जो डॉक्टरों के खिलाफ पक्षपात कर सकें। (5) राज्य सरकार के पैकेज में बढ़ावा किया जाये और इन्हें व्यवाहारिक बनाया जाये। (6) प्रदेश की 70 फीसदी जनता की सेवा करेन वाले निजी स्वास्थ्य सुविधाओं को उद्योग का दर्जा दिया जाना चाहिये और इनके सुचारू संचालन के लिये कम लागत की बिजली और पांच वर्ष में फायर एनओसी का नवीनीकरण, पुराने चल रहे अस्पताल भवनों को नियमित करने की सुविधा देनी चाहिये।

सूत्रों का कहना है कि इनमें से किसी भी बिन्दु पर सरकार ने प्रावधान नहीं किये हैं बल्कि विपरीत काम किया है। सूत्रों का यह भी कहना है कि 19 मार्च को हुई मीटिंग में डॉक्टरों को आश्वासन दिया गया था कि उनकी सारी मांगें स्वीकार की जाएंगी। परंतु उन्हें मीटिंग समाप्त होने के बाद मीटिंग का हस्ताक्षरित ब्यौरा नहीं दिया गया और ना ही मांगों पर अमल किया गया।

यहां यह भी उल्लेखनीय है कि आईएमए ने राज्यपाल को 25 मार्च यानी बिल के पारित होने के तीन दिन बाद पत्र लिखकर कहा था कि वह राइट टू हैल्थ बिल को विशेष तरह से नियुक्त की गई समिति को भेजें ताकि इस पर पुनर्विचार किया जा सके।

इस पत्र में भी आईएमए ने बिल में कई तरह की कानूनी त्रुटियां गिनाई हैं। परंतु सवाल यह है कि क्या यह पत्र भी अदालत के समक्ष प्रस्तुत किया जायेगा क्योंकि यह भी डॉक्टरों की संस्था द्वारा दिया गया प्रतिनिधित्व है।

19 मार्च को आई.एम.ए. की कमेटी ने डॉ. सुनील चुघ के नेतृत्व में सरकारी अधिकारियों के साथ मीटिंग की थी, जिसमें अधिकारियों ने 21 बिंदुओं पर पूर्ण सहमति जताई थी, परंतु बिल के अंतिम स्वरुप में "हाइलाइटेड" बिंदुओं को ना केवल अस्वीकार कर दिया, बल्कि इसके विपरीत कार्य किया गया।

राष्ट्रदूत (एच.यू.एफ.) के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक सोमेश शर्मा द्वारा वतन प्रेस, सुधर्मा, एम.आई.रोड़, जयपुर एवं सुधर्मा-II, लालकोठी शॉपिंग सेंटर, टोंक रोड़, जयपुर से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक:- राजेश शर्मा । आर.एन.आई. नं. 3641/57, ई-मेल-rastrdut@gmail.com कोटा कार्यालय:-पलायथा हाउस, छत्रपति शिवाजी मार्ग, कोटा। फोन:2386031, 2386032, फैक्स:0744-2386033 बीकानेर कार्यालय:-कुंम्भाना हाउस, हनुमान हत्था, बीकानेर। फोन:2200660, फैक्स: 0151-2527371 उदयपुर कार्यालय:-आयड, मेन रोड आयड, उदयपुर। फोन: 2413092, 2418945, फैक्स: 0294-2410146 अजमेर कार्यालय:-घूघरा घाटी, जयपुर रोड,अजमेर। फोन: 2627612, फैक्स:0145-2624665 जालोर कार्यालय :- जी 1/63, इन्डस्ट्रीयल एरिया, फेस प्रथम, जालोर। फोन: 226422, 226423, फैक्स: 02973-226424 हिण्डौनसिटी कार्यालय :- जी -1-201, रीको औद्योगिक क्षेत्र, हिण्डौनसिटी। फोन: 230200, 230400, फैक्स: 07469-230600 चूरू कार्यालय: एच-150, रीको औद्योगिक क्षेत्र, चूरू, फोन: 256906, 256907, फैक्स:01562-256908